दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत


RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 83 | सीकर, बुधवार 20 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# NOW IN BOOKSTORES

## Om Books International






"अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दिवाला विधि विशेषज्ञ सुमंत बत्रा ने मेरे प्रिय दिवंगत मित्र, स्वर्गीय श्री अरुण जेटली के जीवन और विरासत को इस प्रभावशाली कृति में जीवंत कर दिया है, जिसका उपयुक्त शीर्षक '**द लाइफ एंड लेगेसी ऑफ अरुण जेटली**' है। यह पुस्तक हमारे समय के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक के जीवन और करियर को प्रस्तुत करती है तथा उनके व्यक्तित्व के विविध आयामों और जीवन के विभिन्न चरणों को प्रमाणिकता के साथ उकेरती है।"

**श्री एम. वेंकैया नायडू**
भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति



"मैं अरुण जेटली को एक अनुभवी ऑकेस्ट्रा संचालक के रूप में देखता हूँ। उन्होंने केवल लय बनाए नहीं रखी, बल्कि स्वयं उस रचना का `सह–निर्मित किया, जिसमें वित्त, कानून और राजनीति का अद्‌भुत समन्वय था। उनकी विरासत किसी संगमरमर की मूर्ति की तरह स्थिर नहीं, बल्कि एक जीवंत पुस्तकालय की तरह है– जिसके पन्नों में रणनीति, संवेदनशीलता और विवेक मिलता है। उन पर बहुत कुछ लिखा गया है, परंतु सुमंत बत्रा द्वारा लिखी गई जीवनी उन सभी में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करेगी।"

**न्यायमूर्ति ए.के सिकरी**
भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश



"अरुण जेटली उन विरले नेताओं में थे जिसकी मित्रताएँ राजनीती से कहीं ऊपर थीं। वे वास्तव में 'समाधान खोजने वाले' व्यक्ति थे। जब मंत्रालयों में टकराव होता, समितियाँ गतिरोध में फँस जातीं या राजनीतिक दल अपने रुख पर अड़ जाते, तब एक ही सलाह सामने आती – 'जेटली जी से बात कीजिए।' सुमंत न इस पुस्तक में अरुण जेटली के अनेक आयामों को प्रामाणिाक रूप से प्रस्तुत किया है।"

**राजीव शुक्ला**
सांसद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस; उपाध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड



"हमने सार्वजनिक जीवन में एक अच्छे इंसान को खो दिया – एक सज्जन, सम्मानित और सक्षम वकील, तीक्ष्ण बुद्धि वाले विचारक, राजनीति के आजीवन विद्यार्थी, उत्कृष्ट वक्ता, अपनी पार्टी के समर्पित स्तंभ और अनेक लोगों के प्रिय मित्र। इतने बहुआयामी व्यक्तित्व पर सुमंत बत्रा जैसे सक्षम पेशेवर द्वारा लिखी गई पुस्तक अत्यंत स्वागतयोग्य है।"

**डॉ. अभिषेक सिंहवी**
सांसद, भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल



"अरुण जेटली जी में सहयोग और उदारता की अद्‌भुत भावना थी। वह एक प्रखर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी थे, लेकिन सदैव गरिमा, सहज हास्य और विपक्ष के प्रति गहरे सम्मान का परिचय देते थे। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद उन्होंने हमें यह सिखाया कि प्रखर बहसों के बीच भी मित्रता और सौहार्द कैसे बनाए रखा जा सकता है। सुमंत बत्रा की यह पुस्तक इस संवेदनशील और सौम्य सांसद को एक आवश्यक श्रद्धांजलि है।"

**सुप्रिया सुले**
सांसद, कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी – शरद पवार



"सुमंत हमेशा की तरह अपने लेखन और विषय चयन दोनों से प्रभावित करते हैं। यह कृति विचारों की गहराई और स्पष्टता को दर्शाती है, जो जेटली जी की बौद्धिक विरासत से गहराई से जुड़ती है। यह ऐसी कृति है जो केवल जानकारी ही नहीं देती, बल्कि प्रेरित भी करती है, और भारत के राजनीतिक तथा आर्थिक परिदृश्य पर उस राजनेता के स्थायी प्रभाव को प्रतिबिंबित करती है।"

**बैजयंत जय पांडा**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी



"अरुण जेटली सच मायनों में हर दौर और हर परिस्थिति के व्यक्तित्व थे। एक कुशल वकील और राजनेता के रूप में उनकी उपलब्धियाँ सर्वविदित हैं, परंतु बहुत कम लोग उनके व्यक्तिगत पक्ष से परिचित थे। अफसोस, वे हमें बहुत जल्द छोड़कर चले गए। मुझे प्रसन्नता है कि सुमंत बत्रा ने उनकी जीवनी लिखने का निर्णय लिया – यह एक महान व्यक्ति और उनकी उससे भी महान विरासत को उपयुक्त श्रद्धांजलि है।"

**मुकुल रोहतगी**
वरिष्ठ अधिवक्ता, भारत का सर्वोच्च न्यायालय; भारत के पूर्व महान्यायवादी



"इन पन्नों में अरुण जेटली का जीवन एक विराट सार्वजनिक व्यक्तित्व और गहराई से मानवीय उपस्थिति – दोनों रूपों में जीवंत हो उठता है। व्यापक शोध और दुर्लभ आंतरिक दृष्टिकोण के आधार पर सुमंत बत्रा ने एक छात्र नेता से सुधारवादी वित्त मंत्री तक की उनकी यात्रा को उकेरा है। यह एक विधिवेत्ता, रणनीतिकार और सहमति–निर्माता का आत्मीय और प्रमाणिका चित्रण है, जिनकी बुद्धिमत्ता, शालीनता और आत्मीयता ने भारतीय राजनीति और शासन को आकार दिया।"

**अमिताभ कांत**
पुर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नीति आयोग



"इस उत्कृष्ट रूप से लिखी गई और गहन शोध पर आधारित पुस्तक में बत्रा ने उस व्यक्ति और उसके समय को सजीव कर दिया है।"

**संजीव सान्याल**
अर्थशास्त्री एवं लेखक; प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य



"अरुण जेटली भले ही जल्दी चले गए, लेकिन वे सार्वजनिक उपलब्धियों, विधिक कौशल, राजनीतिक सद्‌भावना और मित्रों–शुभचिंतकों के विशाल दायरे की समृद्ध विरासत छोड़ गए। सुमंत बत्रा की यह पुस्तक उन बड़े क्षणों और छोटे विवरणों को समेटने का गंभीर प्रयास करती है, जिन्होंने अरुण जेटली को इतना विशिष्ट और असाधारण बनाया।"

**अशोक मलिक**
अध्यक्ष, द एशिया ग्रुप, इंडिया प्रेक्टिस

Scan and order on amazon.in



"अरुण जेटली बैसे बहुआयामी व्यक्तित्व को शब्दों में समेटना किसी पर्वतारोहण से कम नहीं है, और सुमंत बत्रा ने इसे ज्ञान तथा दुर्लभ अंतदृष्टि के सहारे सफलतापूर्वक पूरा किया है। जेटली यहाँ पहले से कहीं अधिक विशाल, आत्मीय और मानवीय रूप में सामने आते हैं।"

**डॉ. हसीब ए. दाबू**
अर्थशास्त्री; पूर्व वित्त मंत्री



"अरुण जेटली जी एक असाधारण क्रिकेट प्रशासक थे, जिनका खेल के प्रति गहरा ज्ञान और जुनून उनकी निष्पक्षता तथा प्रतिबद्धता से और भी ऊँचा हो जाता था। वे सहज उपलब्ध रहते थे, खिलाड़ियों की बात सुनते थे और यह सुनिश्चित करते थे कि मेरे जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भारत के लिए अपने सपने पूरे करते का अवसर मिले। उनका योगदान अद्वितीय था, और मुझे खुशी है कि सुमंत बत्रा की यह पुस्तक उनके सार्वजनिक जीवन के इस प्रभावशाली पक्ष को भी सामने लाती है।"

**वीरेंद्र सहवाग**
क्रिकेट खिलाड़ी

# डीजीपी ने ली अपराध समीक्षा की बैठक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेशभर के रेंज आईजी, पुलिस आयुक्तों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में कानून-व्यवस्था, संगठित अपराध, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। डीजीपी शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन, बजरी परिवहन और भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रग्स तस्करी के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने, पुलिस की फील्ड विजिबिलिटी बढ़ाने और सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगले तीन माह में उनके स्तर पर एक वर्ष से अधिक लंबित कोई भी प्रकरण नहीं रहना चाहिए। झूठे मुकदमों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। इस बैठक में राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताओं के आधार पर संगठित अपराध, गैंगस्टर्स के विरुद्ध चल रही कार्रवाई और विभिन्न गंभीर आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा की गई। डीजीपी ने प्रभावित जिलों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर फोकस्ड कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आपराधिक गतिविधियों से अर्जित संपत्ति की कुर्की और जब्ती की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस दिशा में और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। साथ ही नवीन आपराधिक कानूनों में सूचना एवं संचार तकनीक के उपयोग, ई-सम्मन और वारंट की तामील तथा ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। डीजीपी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि महत्वपूर्ण प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में लेकर गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में रेंजवार एरिया डोमिनेशन अभियान तथा मालखानों में जब्त सामान के निस्तारण की भी समीक्षा की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को भी प्रमुखता से लिया गया। भीलवाड़ा और उदयपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में अधिक मृत्यु दर पर चिंता जताते हुए संबंधित जिला पुलिस अधीक्षकों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। डीजीपी शर्मा ने हाईवे और ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सप्ताह दो दिन विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंटरसेप्टर और ब्रेथ एनलाइजर के अधिकतम उपयोग के माध्यम से प्रभावी चेकिंग करने को कहा। साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा बिना हेलमेट दुपहिया वाहन संचालन पर रोक लगाने के लिए पुलिस लाइन एवं कार्यालय परिसरों में विशेष व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम और बेहतर अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई गई। साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त, निस्तारित एवं लंबित शिकायतों की



समीक्षा करते हुए सभी एसपी को इसकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। डीजीपी शर्मा ने निर्देश दिए कि पुलिस थानों पर आने वाले परिवादियों को ऑनलाइन परिवाद दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि उन्हें अपने प्रकरण पर की जा रही कार्रवाई की नियमित जानकारी मिलती रहे और समीक्षा प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी हो सके। बैठक में महिला सुरक्षा गतिविधियों के प्रभावी संचालन, एसडीआरएफ की सतर्क कार्यप्रणाली, जन सूचना रजिस्टर के संधारण, अभय कमांड सेंटर से जुड़े कैमरों की स्थिति, निजी कैमरों के एकीकरण, पुलिस थानों में महिला कर्मियों के लिए सुविधाओं तथा पुलिस लाइन परिसरों में सामुदायिक सुविधाओं के उन्नयन की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीजी ट्रेफिक व ट्रेनिंग अनिल पालीवाल, डीजी एसओजी आनंद श्रीवास्तव, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वीकेसिंह, एडीजी क्राइम बिपीन कुमार पांडे, एडीजी पीएम एंड डब्ल्यू डॉ प्रशाखा माथुर, एडीजी कार्मिक बीजू जॉर्ज जोसफ, एडीजी सिविल राइट लता मनोज कुमार सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## वाल्मीकि समाज की समस्याओं का समाधान करने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वाल्मीकि समाज की कुछ महिलाओं ने उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार असलम खान को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ शहर का वाल्मीकि सफाई कर्मचारी वर्ग लंबे समय से अनेक समस्याओं से परेशान है। विशेष रूप से वाल्मीकि बस्ती स्थित गंदी तलाई में जलभराव की समस्या के कारण गरीब परिवार अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। इस समस्या के समाधान हेतु पूर्व में कई बार निवेदन किया जा चुका है। पिछली बारिश में वाल्मीकि बस्ती के आस पास स्थित अनेक मकान काफी क्षतिग्रस्त हुए और मजबूरन स्वयं के मकानों को छोड़कर अन्य जगह जाना पड़ा। ज्ञापन में मांग की गई है कि तलाई के गंदे पानी की निकासी हेतु 12 इंच की बड़ी पाइपलाइन एवं 60 एचपी का पम्प लगवाया जावे। साथ ही सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों को जीपीएफ, पीएफ ग्रेच्युटी एवं अन्य बकाया भुगतान शीघ्र दिलवाए जाने, सफाई कर्मचारियों को 9, 18, 27 ग्रेड लाभ प्रदान किए जाने, सफाई कर्मचारियों को समय पर वर्दी, सिलेंडर, तनख्वाह एवं आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध करवाई जाए। इसी प्रकार सफाई कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति प्रदान किए जाने, अस्थायी सफाई ठेकाकर्मी ट्रेक्टर ड्राईवर व लेबर की तनख्वाह 15 हजार व महिला अस्थायी सफाई कर्मी की तनख्वाह 12 हजार दिलवाए जाने, अस्थायी सफाई कर्मी को सरकारी नियमानुसार पीएफ राशि दिलवाए जाने की मांगे की गई हैं। ज्ञापन सौंपते वक्त चंदा देवी, रचना, संतोष, रीना, नितू, संजू, अंजू, राजू आदि मौजूद रही।

## 29 मई को बनेगा लक्ष्मी नारायण योग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बुध ग्रह 29 मई को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पहले से शुक्र ग्रह विराजमान हैं। बुध और शुक्र की इस युति से अत्यंत शुभ माने जाने वाला लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को धन, वैभव, सुख-समृद्धि और करियर में उन्नति का कारक माना गया है। इसका विशेष प्रभाव कुछ राशियों के जातकों पर देखने को मिलेगा। पंडित श्रीकृष्ण चंद्र गौड़ ने बताया कि ग्रहों का राशि परिवर्तन कई शुभ योगों का निर्माण करता है, जिसका असर सभी 12 राशियों पर पड़ता है।

### वृषभ राशि

इस राशि के जातकों को करियर और व्यापार में लाभ मिलने के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। रुका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### मिथुन राशि

बुध और शुक्र की युति मिथुन राशि में होने से इस राशि के लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। नौकरी और व्यापार में सफलता के योग हैं। नई नौकरी या प्रमोशन की संभावना बन रही है।

### सिंह राशि

सिंह राशि वालों के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और लंबे समय से रुके कार्य पूरे होने के योग हैं।

### कन्या राशि

कन्या राशि के जातकों को व्यापार और करियर में लाभ मिलने की संभावना है। नई डील और निवेश से फायदा होगा तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह शुभ योग कई लोगों के लिए आर्थिक मजबूती, नई उपलब्धियां और सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है।

## साइबर ठगों को बैंक खाता किराए पर देने वाला गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के श्याम नगर थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों और बैंक खाते किराए पर देने वाले म्यूल अकाउंट होल्डर्स के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत कार्रवाई करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी के नाम पर खुला बैंक खाता साइबर ठगों को किराए पर दे रखा था। पुलिस जांच में खाते से करीब 4.20 करोड़ रुपए की साइबर ठगी का लिंक सामने आया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों और बैंक खाते किराए पर देने वाले म्यूल अकाउंट होल्डर्स के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत कार्रवाई करते हुए एक शातिर आरोपित ईश्वर शर्मा निवासी मोहम्मदाबाद जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश हाल विद्याधर नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने विद्याधर नगर स्थित वीर स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी के नाम से एक प्रोपराइटर फर्म बनाकर बैंक में चालू खाता खुलवाया था। अधिक कमीशन के लालच में उसने यह खाता साइबर ठगों को उपयोग के लिए दे दिया। पुलिस जांच में पता चला कि महज चार दिनों में इस खाते में देशभर से ठगी गई 1 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि जमा हुई। पुलिस ने जब खाते को राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल 1930 पर वेरीफाई किया तो देश के विभिन्न राज्यों से इस खाते के खिलाफ नौ साइबर शिकायतें दर्ज मिली। प्रारंभिक जांच में खाते के जरिए करीब 4 करोड़ 20 लाख रुपए की साइबर ठगी किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह बैंक खाता किन साइबर ठगों और विदेशी लिंक वाले गिरोहों को उपलब्ध कराया गया था। साथ ही पूरे नेटवर्क की मनी ट्रेल खंगाली जा रही है, जिससे अन्य साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

## दिशा की बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति की बैठक 20 मई को अपराह्न 3 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में आयोजित की जाएगी।

## भक्तामर स्तोत्र दीप महा अर्चना में गूंजे भगवान आदिनाथ के जयकारे



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एसएफएस स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में 48 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रों से युक्त भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान दीप महा अर्चना का संगीतमय आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भगवान आदिनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। राजस्थान जैन युवा महासभा एवं मंदिर समिति के तत्वावधान में दिनेश-दीपिका कासलीवाल शक्तिनगर परिवार द्वारा विश्व शांति, सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना के साथ आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रसिद्ध गायक अशोक गंगवाल ने भक्तिमय प्रस्तुतियां दी जबकि मंत्रोच्चार का वाचन मंजू बडजात्या ने किया। श्रद्धालुओं ने हाथों में जैन धर्म ध्वजा और दीपक लेकर भक्ति नृत्य करते हुए मुख्य मंडल पर दीप अर्पित किए। इससे पूर्व णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप भी किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा एवं संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों एवं आयोजकों का माल्यार्पण और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। मंदिर समिति के महामंत्री सोभाग मल जैन ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ईंधन बचत का संदेश : भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने बस से किया सफर

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** देश को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचत, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग एवं सादगीपूर्ण जीवन अपनाने की अपील को आत्मसात करते हुए भाजपा झुंझुनू के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने एक प्रेरणादायी पहल प्रस्तुत की। शर्मा ने अपने निजी वाहन का उपयोग न करते हुए साधारण बस से चिड़ावा से गुढ़ागौड़जी तक यात्रा कर आमजन के समक्ष सादगी और राष्ट्रहित का संदेश दिया। वे गुढ़ागौड़जी स्थित श्री पैलेस मैरिज गार्डन में मंगलवार प्रात: 9 बजे से प्रारंभ हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दो दिवसीय आवासीय जिला वर्ग प्रशिक्षण शिविर सक्षम कार्यकर्ता-सशक्त संगठन में पूर्व जिलाध्यक्ष के रूप में सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी, जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर तथा पूर्व सांसद नरेन्द्र खींचड़ सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुभाष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की राष्ट्रहित में की गई अपील केवल शब्द नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणा है। यदि हम सभी ईंधन की बचत, संसाधनों के संयमित उपयोग एवं सादगीपूर्ण जीवन शैली को अपनाएं तो यह देश की आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे



व्यक्तिगत प्रयास भी राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

## बुचावास ग्राम पंचायत कांग्रेस कार्यकारिणी गठित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सांसद राहुल कस्वां, विधायक नरेंद्र बुडानिया व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल की अनुशंसा पर मंगलवार को बुचावास ग्राम पंचायत कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन विमला कालवा निवर्तमान जिला परिषद सदस्य के निर्देशन में किया गया। कार्यकारिणी में संगठन सचिव भगवान राम झोरड, कोषाध्यक्ष प्रभु राम गोड़, प्रवक्ता बीरबल दास स्वामी, सोशल मीडिया प्रभारी ओम कालवा, सोशल मीडिया सह प्रभारी शंकर लाल सहारण,



उपाध्यक्ष सांवरमल पांडिया, भंवर लाल चिडानिया, जगदीश प्रसाद सुथार, मोहर सिंह सहारण, महावीर प्रसाद व्यास, महासचिव महावीर सुखाणी, नारायण दत्त दर्जी, टिकुराम जोशी, सोहनलाल सुथार, सचिव गोम दास स्वामी, नंदराम मेघवाल, गिरधारी लाल दर्जी, लीलाधर गुर्जर, पतराम मेघवाल, सदस्य महावीर स्वामी, शीशपाल सहारण, बुद्धाराम प्रजापत, फूला राम नाई, लालचंद चौहान, मोटाराम तेतरवाल, जगदीश स्वामी, नोपाराम भांबू, हुकमाराम नायक, कालूराम मेघवाल को मनोनीत किया गया। ग्राम पंचायत अध्यक्ष पवन मेघवाल, बृजलाल सोनी, बीरबल दास स्वामी,, बलवान तेतरवाल, महावीर सहारण आदि ने सभी नवमनोनित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

## सोशल मीडिया की पहल पर एकत्रित राशि मृतक परिवार को सुपुर्द

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत गढ़टकनेत के रहने वाले महेश कुम्हार की 30 अप्रैल को हार्ट अटेक से मौत हो गई थी। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले महेश के निधन के बाद उसकी पत्नी सावित्री देवी, बुजुर्ग माता और चार संतानों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया। सोशल मीडिया के सदुपयोग की मिसाल पेश करते हुए ग्रुप गढ़टकनेत के माध्यम से गांव के युवाओं ने बड़े-बुजुर्गों के कुशल निर्देशन में एक गरीब और जरुरतमंद परिवार की मदद का बीड़ा उठाने की अनोखी पहल की और मंगलवार को 1 से 19 मई तक 5 लाख 32 हजार 501रुपये की प्राप्त राशि मृतक की पत्नी और बुजुर्ग माता को गणमान्य लोगों एवं मातृशक्ति की उपस्थिति में सौंपी गई। मृतक महेश कुम्हार मजदूरी



कर परिवार का पालन-पोषण करता था।

उसके निधन के बाद पत्नी सावित्री देवी पर बेटे गौतम 12, बेटियों प्रिया 10, परी 8 और गुंजन 5 और बुजुर्ग सास की जिम्मेदारी आ गई। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। ऐसे में समाज के लोगों ने यथाशक्ति सहयोग कर परिवार को संबल प्रदान करने का भरसक प्रयास किया जो एक अनोखी नजीर बन गया। ग्रुप एडमिन गिरधारी लाल नटवाड़िया ने बताया कि यह सहयोग राशि मृतक महेश कुम्हार की धर्मपत्नी सावित्री देवी के खाते में, विनोद कुमार कुम्हार, मनोज कुमार, सुभाष सैनी, गिरधारीलाल नटवाड़िया और रेखा देवी सैन के फोन-पे पर प्राप्त हुई थी। इस दौरान उपस्थित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने दु:ख की इस घड़ी में हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिलाया। क्षेत्र के लोगों ने इस मानवीय पहलू की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक कदम बताया।

## एडीएम ने तालछापर के सेंसिटिव जोन को लेकर की बैठक

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार व जिला कलक्टर चूरू के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर सुजानगढ़ संतोष मीणा की अध्यक्षता में वन्यजीव अभयारण्य ताल छापर के ईको-सेंसेटिव जोन संवेदी क्षेत्र की मॉनिटरिंग के संबंध में बैठक का आयोजन पंचायत समिति स्थित वीसी रूम में किया गया। बैठक में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, सहायक वन संरक्षक ताल छापर क्रांतिसिंह, छापर के अधिशाषी अधिकारी भवानी शंकर व्यास, तालछरपर आर





ओ उमेश बागोतिया मौजूद रहे। बैठक में एडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को कहा कि ताल छापर अभयारण्य के चारों ओर 22.45 वर्ग किमी क्षेत्र इको सेंसेटिव जोन घोषित किया गया है। यह क्षेत्र चाड़वास, देवाणी, रामपुर, सुरवास ग्राम और छापर कस्बे में है। बैठक में बताया गया कि क्षेत्र में कॉमर्शियल माइनिंग प्रदुषण फैलाने वाले उद्योग स्थापित करने, बड़ी जल विद्युत परियोजना करने, उत्पादन या प्रसंस्करण ठोस कचरा व बायो मेडिकल वेस्ट, भस्मीकरण, साइट स्थापित करने, पोल्ट्री फॉर्म खोलना, भट्टा, नई आरा मशीन मिल स्थापित आदि को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किमी के भीतर या ईको-सेंसेटिव जोन की सीमा तक पर्यावरण पर्यटन के लिए छोटे अस्थायी ढांचे को छोडकर कोई भी नया व्यावसायिक होटल या रिसोर्ट बनाने की अनुमति नहीं होगी। कोई नया व्यावसायिक निर्माण नहीं होगा। वन्यजीव अभयारण्य ताल छापर के ईको-सेंसेटिव जोन (पारिस्थितिकी) संवेदी क्षेत्र के संबंध में अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका छापर व सहायक वन संरक्षक ताल छापर संयुक्त रूप से सूची बनाकर एडवाईजरी जारी करें।

## पानी संकट पर महिलाओं का फूटा गुस्सा रास्ता रोक कर मटका फोड़ प्रदर्शन किया



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय हदीरा पोल, सेवग चौक एवं चार खंभा क्षेत्र में पिछले करीब एक महीने से पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। हालात इतने गंभीर हो गए कि हदीरा मस्जिद में बना पानी का होद भी पूरी तरह खाली हो गया। जबकि वार्ड के घरों में पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है। लगातार बनी इस समस्या से परेशान महिलाओं का मंगलवार को धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित महिलाओं ने चार खंभा तिराहे पर एकत्रित होकर रास्ता रोक कर मटका फोड़ प्रदर्शन करते हुए जलदाय विभाग एवं प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि विभाग के जिम्मेदारों को कई बार शिकायतें करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। क्षेत्रवासी मजबूरी में दूर-दराज इलाकों से पानी लाने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के बीच पानी की कमी ने लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### दो घंटे बाद जागे विभाग के जिम्मेदार

मंगलवार को पानी सप्लाई की नियमित मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सड़कों पर बैठे रहे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को भी इसकी सूचना दी गई मगर करीब दो घंटे तक वार्डवासी धूप में परेशान होकर अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते रहे मगर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी दो घंटे बाद जाकर मौके पर पहुंचे। इधर थानाधिकारी शिंभु दयाल मीणा, चौकी प्रभारी गजेन्द्र सिंह, एएसआई नवाब खान ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं से समझाईश कर आश्वासन के बाद मामला शांत करवाया।

## नौतपा से पहले गर्मी ने छुड़ाए पसीने

**लोसल ( नवयत्न )।** नौतपा शुरू होने से पहले शेखावाटी के रेतीले धोरों पर नौतपा जैसी झुलसाने वाली गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। बढ़ता जा रहा तापमान और लू चलने से लोगों के पसीने छूड़ा रखें है। हालत यह है कि दोपहर होते-होते शहर की सड़कें भट्टी की तरह धधकने लग जाती है। यहां पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के लगभग पहूंच जाने से सूरज की किरणों से दिन भर तपने के बाद सड़कें सूरज छिपने के बाद भी भट्टी की तरह सुलगती रहती है। भीषण गर्मी से बचने के लिए दोपहर बाद लोगों की आवाजाही कम होने से सड़कों पर एक तरह से आवागमन ठहर सा गया है। इसलिए सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। हालांकि अभी नौतपा की शुरुआत नहीं हुई है । भीषण गर्मी से सब्जी के उत्पादन में भी असर पड़ा है।

# विपक्ष गैस और पेट्रोल को लेकर अनावश्यक भ्रम फैलाकर कर रहा है केवल नाटकबाजी : राठौड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विपक्ष के बेबुनियादी आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे। लेकिन वे जोधपुर सहित प्रदेश में स्थायी जल व्यवस्था तक सुनिश्चित नहीं कर पाए। यह सोचने का विषय है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने समुचित व्यवस्थाएं विकसित नहीं की। वर्तमान भाजपा सरकार जल संकट के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। राठौड़ ने कहा कि जोधपुर में पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ समस्याएं सामने आई हैं। राज्य सरकार घर-घर जल पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। भाखड़ा बांध से क्लोजर आने के कारण कुछ समय के लिए परेशानी उत्पन्न हुई थी लेकिन अब धीरे-धीरे व्यवस्थाएं सामान्य हो रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गोविंद सिंह डोटासरा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को भाजपा कार्यालय का घेराव करने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए। जिन घटनाओं को लेकर वे आरोप लगा रहे हैं, उनका भाजपा से कोई संबंध नहीं है। यह सब



कांग्रेस से जुड़े लोगों का ही किया हुआ कारनामा है। इसमें भाजपा का कोई दोष नहीं है। गैस-तेल संकट पर राठौड़ ने कहा कि विपक्ष केवल राजनीति करने की कोशिश कर रहा है। इस प्रकार की हल्के स्तर की राजनीति करना उचित नहीं है। विपक्ष अच्छी तरह जानता है कि वर्तमान में गल्फ देशों में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और वहां युद्ध जैसे हालात हैं। उत्पादन केंद्रों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देशहित में प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है। हार्मुज मार्ग से आज भी भारतीय पोत सुरक्षित आ-जा रहे हैं और आवश्यक आपूर्ति बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार लगातार सक्रिय है। विपक्ष को बेवजह भ्रम फैलाने के बजाय सरकार के प्रयासों की सराहना करनी चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि विपक्ष गैस और पेट्रोल को लेकर अनावश्यक भ्रम फैलाकर केवल नाटकबाजी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने केवल मितव्ययिता अपनाने और अनावश्यक खर्च से बचने की सलाह दी है। परिवार का मुखिया भी यही कहता है कि आवश्यक कार्य करें और अनावश्यक खर्च कम करें। वाहन शेयर करने जैसी अपील समाज हित और राष्ट्रहित में है, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विशेष परिस्थिति में होने के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता रेना द्वारा पक्षियों के लिए परिंडा लगाने के जज्बे की सराहना की। राठौड़ ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए हमें पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। हर व्यक्ति को परिंडा लगाने के साथ ही उसमें पानी की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए।

## एक ही सर्जरी में दोनों हिप बदलकर युवक को मिली नई जिंदगी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायणा हॉस्पिटल जयपुर में ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग की टीम ने 28 वर्षीय युवक के दोनों हिप का एक ही सर्जरी में सफल टोटल हिप रिप्लेसमेंट कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मरीज एवैस्कुलर नेक्रोसिस बीमारी से पीड़ित था, जिसके कारण उसके दोनों हिप जॉइंट गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके थे। मरीज लंबे समय से तेज दर्द, चलने में कठिनाई और सामान्य गतिविधियों में परेशानी से जूझ रहा था। विशेषज्ञों ने पारंपरिक दो चरणों वाली सर्जरी के बजाय एक ही समय में दोनों हिप रिप्लेसमेंट करने का निर्णय लिया, जिससे मरीज को लंबे इलाज और रिकवरी से राहत मिली। डॉ हेमेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि एवीएन जैसी बीमारी युवा मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। ऐसे में वन स्टेज बाइलेटरल टोटल हिप रिप्लेसमेंट से मरीज को तेजी से राहत और बेहतर रिकवरी मिल सकी। सर्जरी के बाद मरीज के लिए विशेष फिजियोथेरेपी और रिहैबिलिटेशन प्रोटोकॉल तैयार किया गया, जिसकी मदद से वह 6 से 8 सप्ताह में सामान्य जीवन में लौट आया। नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के निदेशक बलविंदर सिंह वालिया ने कहा कि अस्पताल आधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञों की मदद से जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा है। वहीं डॉ प्रदीप कुमार गोयल ने बताया कि दोनों हिप का एक साथ रिप्लेसमेंट चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया होती है लेकिन विशेषज्ञ टीम की सतत निगरानी से सर्जरी पूरी तरह सुरक्षित और सफल रही।

## 25 मई से शुरू होगा नौतपा, 9 दिन झुलसाएगी भीषण गर्मी




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में प्रचंड गर्मी का प्रतीक माने जाने वाले नौतपा की शुरुआत 25 मई से होगी, जो 2 जून तक चलेगा। इस दौरान लगातार नौ दिनों तक भीषण गर्मी और लू का असर देखने को मिलेगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस अवधि में तापमान अपने चरम पर पहुंच सकता है, जिससे आमजन को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। पंडित बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि नौतपा का संबंध सूर्य की चाल और नक्षत्रों से जुड़ा होता है। 25 मई को अपराह्न 3:44 बजे सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा प्रारंभ होगा। रोहिणी नक्षत्र को अत्यधिक ताप देने वाला माना जाता है, इसलिए इस दौरान सूर्य की किरणें अधिक तीव्र हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि नौतपा में यदि अच्छी गर्मी पड़ती है तो इसे अच्छे मानसून का संकेत माना जाता है। वहीं इन नौ दिनों में बारिश होना मानसून के कमजोर रहने का संकेत माना जाता है। वहीं शर्मा ने बताया कि इस दौरान डिहाइड्रेशन और लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस का सेवन करना चाहिए। साथ ही हल्का एवं सुपाच्य भोजन लेने और दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक तेज धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि तरबूज, खरबूजा और ककड़ी जैसे मौसमी फल शरीर को ठंडक पहुंचाने में सहायक होते हैं।

## बिना पर्ची दवाओं की ऑनलाइन बिक्री सहित कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन नवरतन वर्मा



रतनगढ़ (नवयत्न)।

अवैध ई-फार्मेसी के संचालन और बड़े कॉर्पोरेट की मनमानी नीतियों के विरोध में बुधवार को देशभर की दवा दुकानें बंद रहेंगी। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफकेमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर बंद के समर्थन में स्थानीय केमिस्ट एसोसिएशन ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे व अपनी दवा की दूकानें बंद रखते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध तहसीलदार को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ऑनलाइन दवाओं की अनियंत्रित बिक्री से नकली दवाओं का चलन बढ़ रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य संकट में है। बड़े कॉर्पोरेट द्वारा अत्यधिक छूट देकर छोटे केमिस्टों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। कोविड काल में लागू की गई आपातकालीन अधिसूचना को तुरंत वापस लेने की मांग की। केमिस्टों ने चेतावनी दी है कि सरकार की अनदेखी के कारण दवा व्यापारी संकटकाल से गुजर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रकाश सारस्वत कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव मनोज जोशी, वीरेंद्र सहल, श्याम सुंदर माटोलिया, सचिन शर्मा, देवेंद्र माटोलिया, मेजर सिंह, राजकुमार प्रजापत, प्रीतम चोटिया, भंवरलाल मुंदलीया, प्रदीप भरतीया कोषाध्यक्ष, दीनबंधु स्वामी, प्रदीप शर्मा आदि केमिस्टक उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान वर्ष 2026 के अंतर्गत अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति, श्रीमाधोपुर के निर्देशन में श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज, पुराने कोर्ट रोड, श्रीमाधोपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र शर्मा ने की। अधिकार मित्र राकेश कुमार सैनी ने उपस्थित छात्राओं को बाल विवाह निषेध, साइबर क्राइम, मोबाइल के दुष्प्रभाव, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, बालिका शिक्षा, किशोर न्याय अधिनियम 2015, पॉक्सो एक्ट तथा नालसा एवं रालसा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी जागरूक किया। शिविर में सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य का संदेश देते हुए सामाजिक जागरूकता एवं कानूनी अधिकारों पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में कुल 88 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

## मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 27 को

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 39 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 27 मई माहेश्वरी भवन होगा। शिविर प्रभारी व ट्रस्टी नरेंद्र झंवर ने बताया कि इन्द्रचन्द थर्ड वेलफेयर ट्रस्ट कोलकाता के द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी।

## करोड़ों की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में जमीन और आवासीय स्कीमों के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामनगरिया थाना पुलिस ने चतरपुरा स्थित श्री नृसिंह आर्केड आवासीय स्कीम में करोड़ों रुपए की जालसाजी के मामले में पिछले छह महीने से फरार चल रहे आरोपी खातेदार गोपाल मीणा निवासी रामनगरिया को गिरफ्तार कर लिया। इस बहुचर्चित मामले में पुलिस पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि रामनगरिया थाना क्षेत्र के ग्राम चतरपुरा में करीब 72 बीघा बेशकीमती जमीन स्थित है। वर्ष 2003 में जमीन के मूल खातेदारों ने यह भूमि डेवलपर्स को बेच दी थी। इसके एवज में खातेदारों ने चेक और नकद के रूप में पूरी राशि भी प्राप्त कर ली थी। जमीन के विकास के लिए डेवलपर्स को बाकायदा मुख्तयार आम (पावर ऑफ अटॉर्नी) भी दिया गया था। इसके बाद डेवलपर्स ने उक्त भूमि पर श्री नृसिंह आर्केड नाम से आवासीय स्कीम विकसित कर आम लोगों को भूखंड बेच दिए। लेकिन जब भूखंडधारकों ने अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू करना चाहा तो खातेदारों ने विवाद खड़ा कर निर्माण कार्य का विरोध शुरू कर दिया और वर्षों तक निर्माण नहीं होने दिया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने जमीन की पूरी कीमत वसूलने के बावजूद दोबारा उसी जमीन को अन्य पार्टी को बेचकर मोटा मुनाफा कमाने की योजना बनाई थी। पीड़ितों की शिकायत पर रामनगरिया थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी गोपाल मीणा गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था और पिछले छह महीने से फरार चल रहा था। वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व और सहायक पुलिस आयुक्त के सुपरविजन में रामनगरिया थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। इस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल राकेश तथा कांस्टेबल शिवपाल और राहुल शामिल थे। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और मैन्युअल पुलिसिंग के आधार पर आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार निगरानी रखी और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार इस जमीन घोटाले में अन्य सह-खातेदार भी शामिल हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## विभागों व औद्योगिक क्षेत्र प्रतिनिधियों के समन्वय से जिले में औद्योगिक विकास को मिले गति : सोनी

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम अर्पिता सोनी ने औद्योगिक संघों से जुड़े बिन्दुओं, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना तथा विभागीय योजनाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एडीएम अर्पिता सोनी ने चर्चा करते हुए कहा कि सभी विभाग व औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के समन्वय से जिले में औद्योगिक विकास को गति मिले। इसके लिए विभागीय अधिकारी औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता बरतें। सभी विभाग सुनिश्चित करें कि औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां समयबद्ध एवं संवेदनशील ढंग से संपादित हों। सरकार उद्यमियों की समस्याओं को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। सभी विभाग आपसी समन्वय से औद्योगिक क्षेत्रों में समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने रीको आरएम को औद्योगिक संघों के साथ मासिक रूप से बैठक कर समस्याओं का नियमित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्री-प्रोडक्शन के 13 प्रकरणों (जिनमें प्रस्तावित निवेश 73 करोड़ रुपये एवं प्रस्तावित रोजगार 119 व्यक्ति) को अनुमोदित किया गया तथा पोस्ट प्रोडक्शन के तहत 14.5 करोड़ रुपये निवेश के 6 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों ने चूरू, सरदारशहर एवं तारानगर औद्योगिक क्षेत्र में बिजली एवं पानी संबंधित समस्याएं रखी, जिस पर एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बैठक कार्यवाही का संचालन कर रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान दौरान कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, संयुक्त आयुक्त जीएसटी रामकुमार वर्मा, पीएचईडी एसई चुन्नीलाल, वासुदेव शर्मा, रीको आरएम यशपाल सिंह, सहायक आयुक्त उजाला, अजीत अग्रवाल, शंकर लाल प्रेमानी, अंजनी कुमार जैसनसरिया, बनवारी लाल जांगिड़ सहित अधिकारी, कर्मचारी व औद्योगिक संघों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।




## भागवत श्रवण से जीवन को मिलती है नई दिशा : शास्त्री

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अधिकमास के अवसर पर श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में सूरजपोल स्थित मोहनबाड़ी के श्री गोवर्धन नाथजी मंदिर में आयोजित 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल श्लोक परायण महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। बड़ौदा के कथा व्यास गिरिराज शास्त्री ने भागवत के विभिन्न प्रसंगों का रसपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण जीवन की दिशा बदल देता है। कथा प्रारंभ से पूर्व मुख्य यजमान बांगड़ परिवार ने श्रीमद्भागवत की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। कथा में शास्त्री ने कहा कि प्रभु का सुमिरन जीवन में शांति और आनंद का मार्ग प्रशस्त करता है।

श्रीमद्भागवत भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात आनंद स्वरूप है, जिसका श्रवण करने से मनुष्य के पाप दूर होते हैं और जीवन का कल्याण होता है। उन्होंने समुद्र मंथन प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि हर शुभ कार्य की शुरुआत में बाधाएं आती हैं लेकिन प्रभु पर विश्वास और समर्पण से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। कथा में श्रीकृष्ण की लीलाओं और भागवत के महत्व का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर अनाराम धाम वैदिक पीठाधीश्वर पूज्य वेदमूर्ति गुरुजी महाराज महेंमदाबाद, गुजरात ने भी कथा



श्रवण किया। कार्यक्रम में नारायण लाल अग्रवाल, लक्ष्मण मांधना, ओमप्रकाश मांधना, सरोज चावला, संजय बांगड़, भरत मालपानी, प्रमोद कोटेवाला सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष गोविंद मालपानी, मंत्री पीढ़ी बांगड़ एवं कोषाध्यक्ष सोहनलाल अग्रवाल टुकड़े वाले ने बताया कि महोत्सव के तहत प्रतिदिन विभिन्न मनोरथों और झांकियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनके दर्शन श्रद्धालु शाम 7 से रात 9 बजे तक कर सकेंगे।

## नारायण दर्शन कार्यक्रम का छठा आयोजन

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला चिड़ावा के सेवा विभाग द्वारा नर सेवा नारायण सेवा के भाव से चलाए जा रहे नारायण दर्शन कार्यक्रम का छठा आयोजन वाल्मीकि बस्ती स्थित अंबेडकर भवन में हुआ। कार्यक्रम में नारायण दर्शन के लिए 11 मुखी बालाजी आश्रम से पूज्य महंत रामदेव शास्त्री आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बस्ती के भोलाराम ने की। इस अवसर पर महंत रामदेव शास्त्री ने कहा कि भारतीय समाज को चार वर्णों में विभाजित किया गया था, जिसमें व्यक्ति को अपनी योग्यता और कर्म के आधार पर चयन की स्वतंत्रता थी। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कही भी छुआछूत, भेदभाव, ऊँच-नीच अथवा सामाजिक असमानता का कोई नियम नहीं है। समाज में जो भी छुआछूत, भेदभाव और ऊँच-नीच दिखाई देती है वह सामाजिक कुरीति है, जिसे मिलकर दूर करना होगा। वाल्मीकि समाज की बस्ती के



भोलाराम ने महंत शास्त्री का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व चिड़ावा में नारायण दर्शन के कार्यक्रम लोहार बस्ती, सुथरा बस्ती और बंजारा बस्ती सहित विभिन्न बस्तियों में भी उत्सवपूर्वक संपन्न हो चुके हैं। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में बस्तीवासियों ने नारायण दर्शन के संदेश को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### जनगणना-2027

## प्रगणक पहुंच रहे घर-घर, मकानों की हो रही गणना

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के 21 चार्ज क्षेत्रों में प्रगणक घर-घर पहुंचकर मकानों और परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारियां एकत्रित कर रहे हैं। जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत मंगलवार को भी प्रगणकों ने घर-घर संपर्क कर मकान की स्थिति, परिवार से संबंधित सूचनाओं के साथ-साथ शौचालय, पेयजल, बिजली व आधुनिक भौतिक सुविधाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटाई और मकान को विशिष्ट संख्या प्रदान कर मकान नंबर को दीवार या दरवाजे पर अंकन किया। जनगणना के दौरान आमजन का भी भरपूर सहयोग प्रगणकों को मिल रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कर्मियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें और मांगी गई जानकारी सत्य एवं समय पर उपलब्ध कराएं।

## पेट्रोल-डीजल संकट के संकेत : कई पंपों पर सप्लाई प्रभावित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच अब राजधानी जयपुर में इंधन की कमी के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। शहर के कई पेट्रोल पंपों पर डीजल और सामान्य पेट्रोल की सप्लाई प्रभावित होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोपालपुरा बाइपास स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर डीजल का स्टॉक पूरी तरह समाप्त हो गया है। पंप पर डीजल स्टॉक खत्म का पोस्टर लगाया गया है। पंप सुपरवाइजर वीर सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से डीजल की सप्लाई लगातार कम हो रही है, जिसके चलते डीजल की बिक्री अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ी है। उन्होंने बताया कि पंप पर सीमित मात्रा में पेट्रोल बचा है और मशीनों को तकनीकी नुकसान से बचाने के लिए बिक्री नियंत्रित की जा रही है। उन्होंने बताया कि तेल कंपनियों की ओर से पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर भी सीमा तय की गई है। पेट्रोल की बिक्री 5 हजार रुपए और डीजल की बिक्री 50 हजार रुपए तक सीमित रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं रिद्धि-सिद्धि चौराहे स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर सामान्य पेट्रोल की कमी के कारण केवल प्रीमियम पेट्रोल ही उपलब्ध कराया जा रहा है। पंप संचालकों का कहना है कि सामान्य पेट्रोल की सप्लाई बेहद कम हो गई है तथा कंपनियों की ओर से




प्रीमियम पेट्रोल की बिक्री बढ़ाने का दबाव भी बनाया जा रहा है। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के महासचिव शशांक कोरानी ने बताया कि प्रदेशभर में पेट्रोल पंप संचालकों के हालात लगातार चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं। एक ओर सप्लाई कम हो रही है वहीं दूसरी ओर मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जयपुर के गोपालपुरा, मानसरोवर, कालवाड़ रोड, अजमेर रोड और आगरा रोड क्षेत्र के कई पेट्रोल पंप जल्द ड्राई होने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। उन्होंने सरकार और तेल कंपनियों से नियमित एवं पर्याप्त ईंधन सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो आमजन की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

## भगवान भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में प्रकट होते हैं : शास्त्री

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री भाटिया बिरादरी प्रबंध समिति की ओर से आयोजित 108 श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर श्री गोकुल धाम के आचार्य सुरेश शास्त्री ने भरत चरित्र, अजामिल उपाख्यान, चतु:श्लोकी भागवत एवं भगवान नृसिंह अवतार की कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। शास्त्री ने भरत चरित्र के माध्यम से बताया कि साधना के मार्ग में किसी भी प्रकार की आसक्ति मनुष्य को भगवान से दूर कर सकती है। वहीं अजामिल प्रसंग में भगवान के नाम की महिमा बताते हुए कहा कि कलयुग में भगवान का नाम ही सबसे बड़ा



सहारा है। नृसिंह अवतार प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं।

जैसे ही भगवान नृसिंह के प्रकट होने का प्रसंग आयाए पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। समिति अध्यक्ष अजय गांधी ने बताया कि समिति द्वारा संचालित भाटिया अस्पताल में फिजियोथैरेपी, रक्त एवं अन्य जांचें कम दरों पर उपलब्ध कराई जाती हैं।

उपाध्यक्ष नितिन भाटिया ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 108 ब्राह्मण मूल पाठ करते हैं तथा दोपहर 3:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक कथा होती है। कथा की पूर्णाहुति 23 मई को होगी।

## लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पीसीबी स्कूल के पास राह चलती महिला के गले से मंगलसूत्र तोड़कर ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुमन देवी निवासी लोढसर के साथ ये घटना कारित हुई थी। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि मामले में पुलिस ने देवधर धवल उर्फ धोना निवासी वाल्मीकि बस्ती, युवराज उर्फ कालू निवासी वाल्मीकि बस्ती, 6 नं. स्कूल के पास सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया है।

## सम्पादकीय

# जेल और जमानत



सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून यानी यूएपीए के एक मामले में आतंकी फंडिंग और ड्रग्स तस्करी के आरोपित को जमानत देते हुए जिस तरह यह कहा कि इस कानून के तहत भी जमानत नियम है और जेल अपवाद, उस पर इसलिए बहस छिड़ना तय है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की ही एक अन्य पीठ ने दिल्ली दंगों के आरोपितों उमर खालिद और शरजील इमाम को जेल अपवाद और बेल नियम वाले सिद्धांत से परे हटते हुए जमानत देने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं, इस दो सदस्यीय पीठ ने इन दोनों को एक वर्ष तक दोबारा जमानत मांगने से भी रोक दिया था।

ताजा मामले में दो सदस्यीय पीठ ने पुरानी पीठ के निष्कर्ष से असहमति जताते हुए यह रेखांकित किया कि किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को केवल इसलिए अनिश्चितकाल तक नहीं छीना जा सकता, क्योंकि उस पर यूएपीए जैसा कानून लगाया गया है। इस पीठ ने पुरानी पीठ के फैसले को रद तो नहीं किया, लेकिन एक तरह से उस पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि जेल अपवाद और बेल नियम महज एक नारा नहीं, बल्कि कानूनी स्थिति है। इससे यही ध्वनित हो रहा है कि वर्तमान पीठ की दृष्टि में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत न देने वाली पीठ का फैसला सही नहीं था। चूंकि दोनों ही फैसले दो सदस्यीय पीठ के हैं, इसलिए किसी निर्णायक निष्कर्ष पर पहुंचना कठिन है।

उचित यह होगा कि जेल अपवाद और बेल नियम वाले सिद्धांत को कोई संविधान पीठ संबोधित करे। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन इतना तो है ही कि हर मामले में जेल अपवाद और बेल नियम के सिद्धांत को लागू करना ठीक नहीं होगा। यह मामले विशेष की प्रकृति और आरोपों की गंभीरता पर निर्भर करना चाहिए, क्योंकि कई मामलों में यह देखने को मिला कि आरोपित जमानत पाने के बाद फिर से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गया।

कुछ मामले तो ऐसे भी रहे, जिनमें आरोपित ने वही संगीन अपराध फिर से अंजाम दिया, जिसके आरोप में उसकी गिरफ्तारी हुई थी और वह जेल अपवाद-बेल नियम वाले सिद्धांत के तहत जमानत पा गया था। स्पष्ट है कि प्रत्येक मामले को एक ही कसौटी पर कसना सही नहीं। उच्चतर न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट की ओर से प्रायः जेल अपवाद-बेल नियम के सिद्धांत का हवाला इस आधार पर दिया जाता है कि दोषी सिद्ध न होने तक हर कोई निर्दोष है। इसके अतिरिक्त अधिकतर मामलों में आरोपितों को जमानत इसलिए मिल जाती है, क्योंकि ट्रायल शुरू होने में बहुत देर हो रही होती है। उक्त मामले में भी ऐसा ही था। विडंबना यह है कि ट्रायल में देरी की समस्या के समाधान को लेकर कोई ठोस प्रयत्न नहीं किए जा रहे हैं। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि ऐसा गंभीर मामलों में और यहां तक कि आतंक से जुड़े मामलों में भी हो रहा है।

## विशेष आलेख

# सहयोग की नई भावना



ऐसे समय जब दुनिया बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ऊर्जा संकट और आर्थिक बिखराव का सामना कर रही है, तब उसके सामने एक बड़ा विकल्प है-क्या देश केवल अपने-अपने सीमित हितों तक सिमट जाएं या फिर ऐसे साझेदारी संबंध मजबूत करें, जो मिलकर विकास, मजबूत और टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करें। जब संयुक्त राष्ट्र अपनी 80वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब अंतरराष्ट्रीय सहयोग और बहुपक्षीय व्यवस्था का महत्व और भी स्पष्ट हो गया है। यह भी साफ हो चुका है कि वैश्विक शासन संस्थाओं में आज की वास्तविकताओं के अनुसार सुधार करना अब बेहद जरूरी हो गया है। आज जलवायु परिवर्तन, औद्योगिक बदलाव, सप्लाई चेन में बाधाएं और ऊर्जा परिवर्तन जैसी चुनौतियां सामने हैं। इनसे निपटने के लिए सबको साथ लेकर चलने वाले सहयोग की नई भावना की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन आज दुनिया की सबसे बड़ी और व्यापक चुनौतियों में से एक है। इसका असर भारत, स्वीडन समेत दुनिया की हर अर्थव्यवस्था और समाज पर पड़ रहा है। आज अरबों लोग बेहतर जीवन स्तर, रोजगार, आधुनिक बुनियादी ढांचे और ऊर्जा सुविधाओं की उम्मीद रखते हैं। इसलिए विकास और अवसर पैदा करते हुए टिकाऊ भविष्य की दिशा में आगे बढ़ना कोई विरोधाभास नहीं, बल्कि आज के दौर की सबसे बड़ी आर्थिक और राजनीतिक जिम्मेदारी है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक है। साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन अभियानों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एक बड़े आर्थिक विकास केंद्र और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदार आवाज के रूप में भारत ने निकट भविष्य के लिए दो बड़े लक्ष्य तय किए हैं-2047 तक विकसित देश बनना और 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करना। ये दोनों घरेलू लक्ष्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। वैश्विक सहयोग की बदौलत, जिसमें लीडआइटी और भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ शुरू किए गए कई वैश्विक मंच शामिल हैं-जैसे इंटरनेशनल सोलर अलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और मिशन लाइफ-भारत ग्लोबल साउथ की एक जिम्मेदार और प्रभावशाली आवाज बनकर उभरा है। वहीं दूसरी ओर, स्वीडन यूरोप में जलवायु कार्रवाई के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कई दशक पहले लिए गए साहसिक फैसलों की वजह से वहां का बिजली ग्रिड 98 प्रतिशत तक जीवाश्म ईंधन-मुक्त हो चुका है। 1990 के बाद से स्वीडन के उत्सर्जन में एक-तिहाई से अधिक कमी आई है, जबकि इसी अवधि में उसकी अर्थव्यवस्था का आकार लगभग दोगुना हो गया।

भारत और स्वीडन की नीतियां इस व्यापक सोच को दर्शाती हैं कि जलवायु कार्रवाई केवल पर्यावरण की रक्षा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह रोजगार और नए अवसर बढ़ा सकती है, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत कर सकती है और लोगों का जीवन बेहतर बना सकती है। लक्ष्य सिर्फ अपने-अपने देशों के विकास को कम-कार्बन बनाना नहीं, बल्कि ऐसी साझेदारियां तैयार करना भी है, जो स्वच्छ औद्योगिकीकरण को संभव बनाएं। इसी भावना के साथ भारत और स्वीडन 17 मई को गोथेनबर्ग में मिले। हरित परिवर्तन केवल पर्यावरण की जरूरत नहीं, बल्कि यह प्रतिस्पर्धा, आर्थिक मजबूती और दीर्घकालिक विकास के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

भारत और स्वीडन ने 2019 में संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से शुरू किए गए लीडआइटी (लीडरशिप ग्रुप फार इंडस्ट्री ट्रांजिशन) के माध्यम से इस तरह के सहयोग की अहमियत को साबित किया है। इस पहल ने औद्योगिक क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन कम करने और उन कठिन क्षेत्रों को, जहां उत्सर्जन घटाना आसान नहीं है, वैश्विक जलवायु चर्चा के केंद्र में लाने में मदद की है। इस पहल ने दिखाया है कि विकसित और विकासशील देश भरोसे, नवाचार और साझा जिम्मेदारी के आधार पर मिलकर समाधान तैयार कर सकते हैं, लेकिन आज चुनौती का आकार और उसकी तात्कालिकता ऐसी है कि हमें पहले से कहीं अधिक तेज और बड़े स्तर पर आगे बढ़ना होगा।

यह मंच तकनीकी साझेदारियों को तेज करने, औद्योगिक पायलट परियोजनाओं को बढ़ावा देने, टिकाऊ वित्त जुटाने, स्वच्छ ऊर्जा की मजबूत सप्लाई चेन बनाने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कम-कार्बन उद्योग विकसित करने में उपयोगी साबित हुआ है। अगले चरण का उद्देश्य श्रमिकों के लिए नए अवसर और कौशल विकास को बढ़ावा देना भी होना चाहिए। हर देश को हर समाधान खुद विकसित करने की जरूरत नहीं है, लेकिन हर देश को अपनी विकास संबंधी परिस्थितियों और प्राथमिकताओं के अनुसार तकनीकों को अपनाने, लागू करने और बड़े स्तर पर इस्तेमाल करने का अवसर मिलना चाहिए। उत्सर्जन सीमाओं को नहीं मानता, इसलिए उसके समाधान भी सीमाओं में बंधे नहीं रह सकते। इसीलिए हम 2030 तक इस वैश्विक गठबंधन को और व्यापक बनाने का आह्वान करते हैं। हम अधिक देशों, विशेष रूप से नार्डिक देशों को इस प्रयास से जुड़ने और सक्रिय योगदान देने के लिए आमंत्रित करते हैं।

कोई औद्योगिक परिवर्तन तभी सफल होगा, जब वह वास्तविक आर्थिक लाभ और सामाजिक प्रगति सुनिश्चित करे। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, परमाणु ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण तकनीक और कम-कार्बन औद्योगिक समाधान, इन सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। कौनसा देश किस विकल्प को प्राथमिकता देता है, यह उसकी जरूरतों पर निर्भर करेगा। कोई भी देश अकेले हर महत्वपूर्ण तकनीक, खनिज संसाधन या औद्योगिक सामग्री को सुरक्षित नहीं कर सकता। इसी तरह, कोई भी राष्ट्र जलवायु परिवर्तन की चुनौती का अकेले सामना नहीं कर सकता। चूंकि उत्सर्जन सीमाओं को नहीं मानता, इसलिए उसके समाधान भी अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर आधारित होने चाहिए। हमारे सामने मौजूद अवसर केवल जलवायु नीति तक सीमित नहीं है। यह औद्योगिक सहयोग के एक नए युग को आकार देने का अवसर है। भारत और स्वीडन इस दिशा में प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में हमारा संदेश स्पष्ट है-बिखराव नहीं, बल्कि सहयोग ही साझा समृद्धि और टिकाऊ भविष्य का रास्ता तय करेगा।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपके सामने आने वाले निवेश के नए अवसरों पर विचार करें। लेकिन पैसा तभी निवेश करें जब आप उन योजनाओं का अच्छी तरह से अध्ययन करें। बच्चे भविष्य की योजना बनाने से ज्यादा समय घर से बाहर बिताकर आपको निराश कर सकते हैं।

### वृष

पूजा-पाठ से आपकी मनोकामनाएं पूरी होंगी और सौभाग्य आपकी ओर आएगा साथ ही पिछले दिन की मेहनत रंग भी लाएगी। शाम का अधिकांश समय मेहमानों के साथ बीतेगा। जीवन में नया मोड़ आ सकता है, जो प्रेम और रोमांस को नई दिशा देगा।

### मिथुन

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में बॉस को प्रभावित करने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। जल्दी छुट्टी मिलने में परेशानी हो सकती है। किसी वस्तु की खरीद में थोड़ा विलंब हो सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा, जिससे आपको राहत मिलेगी।

### कर्क

ज्यादा काम करने से बचें, क्योंकि इससे आपको सिर्फ तनाव और थकान ही मिलेगी। आभूषण और प्राचीन वस्तुओं में निवेश फायदेमंद रहेगा और समृद्धि लाएगा। आपकी गतिहीन जीवन शैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और अधिक खर्च करने से बचें।

### सिंह

आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार में सबके चेहरे पर चमक बनी रहेगी। आज कुछ लोग आपसे बाद में बात करना चाहेंगे। किसी मित्र से मुलाकात होगी। नए स्रोतों से धन की प्राप्ति होगी। प्रेम संबंधों के प्रति आपका रुझान रहेगा। सेहत के मामले में आप फिट रहेंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। घर के इलेक्ट्रॉनिक्स पर आपको थोड़ा खर्च करना पड़ सकता है। आज आप अपने बिजनेस पार्टनर के घर त्योहार की शुभकामना देने जा सकते हैं। शाम के समय आप शारीरिक रूप से थोड़ा थका हुआ महसूस कर सकते हैं।

### तुला

आज के दिन आर्थिक लाभ और सामाजिक मान-सम्मान और प्रतिष्ठा मिलने के संकेत हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अपने बॉस या सहकर्मियों के साथ किसी भी प्रकार की बहस में पड़ने से बचना चाहिए। रिश्तों में आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी और व्यापार में भाग्य आपका साथ देगा।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए आज अच्छे ऑफर मिलने के योग हैं। आज घर में खुशियों का माहौल रहेगा। संतान पक्ष से सुख मिलेगा। आज आप अपने जीवनसाथी को ऑफिस पार्टी में साथ ले जा सकते हैं। इससे आपका तालमेल अच्छा रहेगा।

### धनु

आज आपको किसी काम से भागना पड़ सकता है। परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना चाहिए। आज कोई नया काम सीखने का मौका मिलेगा। आपके ज्ञान में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर अपने सहकर्मी के साथ अच्छा व्यवहार बनाए रखें।

### मकर

आज आपका कोई बड़ा काम संतान के सहयोग से पूरा होगा। माता-पिता का सहयोग भी बना रहेगा। शाम को उनके साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे। आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन बढ़िया रहने वाला है।

### कुंभ

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। ऑफिस में रुके हुए काम सीनियर्स के सहयोग से पूरे होने की संभावना है। जातकों को अचानक बहुत लाभ हो सकता है। आज धन के नए स्रोत देखने को मिलेंगे। आप परिवार के साथ रहेंगे। आपको किसी धार्मिक स्थान पर जाना पड़ सकता है,

### मीन

लंबी यात्रा के लिहाज से आपने स्वास्थ्य और ऊर्जा के स्तर में जो सुधार किए हैं, वे बहुत फायदेमंद रहेंगे। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद आप थकान के चंगुल में फंसने से बचेंगे। विशेष रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय सौदों पर बातचीत करते समय जल्दबाजी में निर्णय न लें।

## स्वास्थ्य समाचार

# हार्ट हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद होता है नींबू पानी, डाइट में जरूर करें शामिल

अनियमित जीवनशैली की वजह से मोटापा और कोलेस्ट्रॉल की समस्या होने लगी है। यह एक ऐसी समस्या है जिसकी वजह से व्यक्ति को अन्य रोग होने का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में आपको शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने की सलाह दी जाती है। ताकि आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म और पाचन क्रिया स्वस्थ रहे। इससे आपके शरीर का मोटापा कम होता है, जिससे आपको हार्ट संबंधी रोग होने का खतरा बढ़ सकता है।



### विटामिन सी से भरपूर

नींबू विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है, यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो अपने हृदय को सुरक्षा प्रदान करता है। एंटीऑक्सिडेंट शरीर के ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन को कम करने में मदद करते हैं, ये दोनों हृदय रोग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विटामिन सी रक्त वाहिकाओं के कार्य को बेहतर करता है। साथ ही, कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देता है, और आयरन के अवशोषण में सहायता करता है। कोलेजन और आयरन दोनों ही हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं।

### शरीर पर क्षारीय प्रभाव

शरीर में थोड़ा क्षारीय (एलक्लाइन) पीएच बनाए रखने और हार्ट हेल्थ सहित समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है। नींबू पानी, अपनी अम्लीय प्रकृति के बावजूद, मेटाबॉलिज्म होने पर क्षारीय प्रभाव डालता है। यह क्षारीयता प्रोसेस्ड फूड और अन्य स्ट्रेस कारकों से अम्लीय प्रभाव को संतुलित करने में मदद करती है, जिससे हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है। संतुलित पीएच सूजन को कम करने और हृदय रोग के कम जोखिम से जुड़ा होता है।

### हाइड्रेट रहना

शरीर के हाइड्रेट रहने से हार्ट सही तरह से कार्य करता है। डिहाइड्रेशन शरीर के अन्य कार्यों के साथ ही हार्ट पर भी दबाव डालता है। जिससे रक्त को पंप करने में परेशानी होती है। नींबू पानी के सेवन से शरीर हाइड्रेट रहता है और ब्लड सर्कुलेशन में मदद मिलती है। इससे बीपी भी कंट्रोल में रहता है।

### पोटेशियम को बूस्ट करे

नींबू पोटेशियम का एक अच्छा स्रोत है। पोटेशियम एक मिनरल है जिसका हृदय स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। पोटेशियम सोडियम की वजह से होने वाले दबाव को कम करके बीपी को नियंत्रित करने में मदद करता है। पर्याप्त पोटेशियम का सेवन हार्ट डिजीज के जोखिम को कम करता है।

### एलडीएल कोलेस्ट्रॉल में कमी

लिपोप्रोटीन (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल के उच्च स्तर सेहत के लिए हानिकारक होता है। यह एक खराब कोलेस्ट्रॉल होता है, जो हार्ट हेल्थ के लिए नुकसान पहुंचाता है। नींबू में पाए जाने वाले पेक्टिन फाइबर में कोलेस्ट्रॉल कम करने वाले प्रभाव होते हैं। नींबू पानी के नियमित सेवन से एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर में मामूली कमी आ सकती है। साथ ही, स्वस्थ लिपिड प्रोफाइल को बढ़ावा मिल सकता है और एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा कम हो सकता है।

# सुबह खाली पेट भूल से भी न खाएं यह फूड आइटम, सेहत को हो सकता है नुकसान

सुबह आप जो कुछ भी खाते हैं इसका असर आपके पूरे दिनचर्या पर पड़ता है। इसलिए ब्रेकफास्ट को इतना इंपॉर्टेंट कहा गया है। अगर आप खाली पेट सही तरह का भोजन खाते हैं तो इससे आपके पूरे दिन अच्छा महसूस होता है लेकिन अगर आप नाश्ते में गलत चीज चुनते हैं तो आपको काफी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

### खट्टे फल

सुबह सवेरे खाली पेट खट्टे फलों को खाने से बचना चाहिए इसमें हाई अमाउंट में साइट्रिक एसिड होते हैं, जिससे पेट में बहुत ज्यादा एसिड का प्रोडक्शन हो सकता है। इसके कारण सीने में जलन बेचैनी जैसी समस्या हो सकती है।

### मसालेदार भोजन

सुबह खाली पेट मसालेदार फूड के सेवन से भी बचना चाहिए। मसालेदार भोजन से आपको काफी असुविधा हो सकती है। इससे पेट खराब हो सकता है और दस्त का कारण भी बन सकता है। एसिडिटी और अपच से पीड़ित होने की संभावना बढ़ जाती है।

### एनर्जी ड्रिंक

एनर्जी ड्रिंक या स्वीट ड्रिंक पीने से भी आपको दिक्कत हो सकती है। इनमें काफी ज्यादा मात्रा में चीनी होती है। इससे आपका पेट फ्रुक्टोज से ओवरलोड हो जाता है। जब चीनी आपके खाली पेट में प्रवेश होता है, तो इंसुलिन का जो क्षेत्र टफ होता है और इस तरह से ब्लड में शुगर



के लेवल को सामान्य बनाए रखने में दिक्कत होती है।

### ऑयली फूड

सुबह-सुबह ऑइली फूड जैसे समोसा, कचोरी जैसे पारंपरिक नाश्ते को करने से भी आपकी परेशानी बढ़ सकती है। इसकी चिकनाई असुविधा और सुस्ती का कारण बन सकती है। तले हुए खाद्य पदार्थ आपके पाचन तंत्र के लिए कठिन हो सकते हैं। इसमें मौजूद हाई कैलोरी आपके दिन की शुरुआत के लिए ऊर्जा प्रदान नहीं करती है। इससे आप दिन भर लेथार्जिक बने रह सकते हैं।

### कैफीन

दिन की शुरुआत चाय या कॉफी से बिल्कुल नहीं करनी चाहिए। इससे आपको डिहाइड्रेशनकी समस्या हो सकती है। इसके अलावा ब्लोटिंग गैस्ट्रिक और एसिडिटी की भी समस्या हो सकती है।

# शिशु बार-बार जीभ बाहर क्यों निकालते हैं?

छोटे बच्चे बोल नहीं पाते हैं। ऐसे में उन्हें जब किसी चीज की आवश्यकता होती है या वह किसी परेशानी में होते हैं, तो ऐसे में कुछ संकेत से अपनी बात को बताने का प्रयास करते हैं। ठीक ऐसे ही आपने अक्सर देखा होगा कि शिशु अपनी जीभ बार-बार बाहर निकालते हैं। वैसे, तो अभिभावकों को उनकी यह हरकत बेहद सामान्य लगती है। लेकिन ऐसा नहीं होता है। आपको बता दें कि शिशु जीभ निकालते हुए कुछ संकेत देते हैं। जीभ निकालकर शिशु अपनी बात को बताने का प्रयास करते हैं।

**भूख लगने का संकेत :** शिशु को भूख लगती है तो वह जीभ निकालकर भूख लगने की ओर इशारा करता है। इतना ही नहीं कई बार जब वह फीड कर रहा होता है तो भी जीभ निकालकर यह बताने का प्रयास करता है कि उसका अब उसका पेट भर गया है और वह ज्यादा दूध नहीं पीना चाहता है।

**ओरल मोटर डेवलपमेंट :** जैसे-जैसे बच्चे बढ़ते हैं, वैसे-वैसे उनकी मौखिक मोटर (मुंह की मांसपेशियों का संचालन) का विकास भी होता है। जीभ बाहर निकालना इस प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा है। शिशु इस क्रिया का उपयोग अपने मुंह की मांसपेशियों को मजबूत करने, उन्हें स्तनपान और ठोस भोजन के सेवन जैसे महत्वपूर्ण पड़ावों के लिए तैयार करने के लिए करते हैं। जीभ एक शक्तिशाली मांसपेशी है और इसकी गति का अभ्यास करने से बच्चों को विभिन्न मौखिक गतिविधियों के लिए आवश्यक समन्वय विकसित करने में मदद मिलती है।

**दांत निकलने की समस्याएं :** दांत निकलना एक महत्वपूर्ण चरण है, जो शिशुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। जैसे-जैसे उनके दांत निकलने लगते हैं, शिशुओं को अक्सर मसूड़ों में दर्द का अनुभव होता है, जिससे उन्हें अलग-अलग तरीकों से आराम मिलता है। जीभ बाहर निकालना बच्चों के लिए आरामदायक हो सकता है, जिससे उनके परेशान मसूड़ों को राहत मिल सकती है। माता-पिता दांत निकलने के चरण के दौरान इस व्यवहार में वृद्धि देख सकते हैं, क्योंकि बच्चे सहज रूप से असुविधा से राहत चाहते हैं।

**चेहरे के भावों की नकल करना :** बच्चे अत्यधिक चौकस होते हैं और अपने आस-पास के लोगों के कार्यों और अभिव्यक्तियों की नकल



करके सीखते हैं। जीभ बाहर निकालना चेहरे के भावों की नकल हो सकता है जो वे अपने देखभाल करने वालों, भाई-बहनों या यहां तक कि अन्य शिशुओं में देखते हैं। यह उनके लिए चेहरे की गतिविधियों और भावों के साथ प्रयोग करने, उनके सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा देने का एक तरीका है।

**मुंह से सांस लेते समय :** शिशु को जब सांस लेने में किसी तरह की परेशानी होती है तो वह जीभ निकालकर मुंह से सांस लेते हैं।

# गैस सिलेंडरों से भरे गोदाम में जिंदा जला कर्मचारी

## मुआवजे की मांग को लेकर 6 घंटे तक दिया धरना

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत न)** । मूंडरू में भारत गैस एजेंसी के गोदाम में कर्मचारी की जलने से मौत हो गई। एजेंसी मालिक ने उसके बेटे को फोन पर घटना की जानकारी दी। घटना के दौरान बड़ी संख्या में भरे हुए सिलेंडर भी गोदाम में रखे थे। घटना मूंडरू कस्बे में मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे की है। बेटे का आरोप है कि जब वो मौके पर पहुंचा तो गैस एजेंसी की मालिक चिंकी कूलवाल मौके पर नहीं मिली। पूरा गोदाम धुएं से भरा हुआ था और उसके पिता बुरी तरह से झुलसे हुए थे। घटना के बाद पहुंची चिंकी ने बताया कि सबसे पहले उनकी बहन ने उन्हें जलते हुए देखा था।

### अधिक झुलसने के कारण मौके पर ही मौत

मृतक की पहचान अरनियां की नदीवाली ढाणी निवासी बाबूलाल यादव पुत्र कानाराम यादव के रूप में हुई है। आग की लपटों में गंभीर रूप से झुलसने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बेटे मोहनलाल यादव ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे गैस एजेंसी संचालिका चिंकी कुलवाल ने फोन कर सूचना दी थी। वह अपने बड़े भाई प्रकाश के साथ पहुंचे तो गैस एंजेसी के गोदाम से धुंआ निकल रहा था।उन्होंने ही अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। मोहनलाल ने बताया कि उन्होंने खुद ही पिता का शव निकाला।

**14 साल से यहां काम कर रहा था**–परिजनों की सूचना पर श्रीमाधोपुर पुलिस करीब सवा 9 बजे पहुंची। इसके बाद 9:25 पर रींगस और श्रीमाधोपुर नगरपालिका की फायर बिग्रेड पहुंची और आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मृतक बाबूलाल यादव पिछले करीब 14-15 सालों से इस गैस एजेंसी में कार्यरत था। वह गैस सिलेंडर डिलीवरी और रखवाली का काम करता था।

**गैस एजेंसी गोदाम पर 6 घंटे चला धरना**–मूंडरू गैस गोदाम हादसे में बाबूलाल यादव की मौत के बाद परिजन और ग्रामीण गैस एजेंसी के गोदाम के बाहर दोपहर 12 बजे से धरने पर बैठ गए। करीब 6 घंटे तक चले धरने के दौरान कई दौर की वार्ताएं हुई लेकिन शुरुआत में सहमति नहीं



बन सकी। शाम करीब 6 बजे गैस एजेंसी संचालक की ओर से परिवार को 5 लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने के साथ प्रशासन की ओर से सरकारी योजनाओं में नियमानुसार मदद दिलाने के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।

**क्या बोली एजेंसी मालिक**–एजेंसी संचालिका ने बताया सुबह करीब 8 बजे बाबूलाल गैस एजेंसी गोदाम की चाबी लेने आए थे। उन्हें चाबी दे दी गई थी लेकिन वह ऑफिस का मोबाइल ले जाना भूल गए थे। इसके बाद छोटी बहन प्रिया को मोबाइल और केवाईसी के दस्तावेज देकर गोदाम भेजा गया। प्रिया जब मौके पर पहुंची तो गोदाम का ऑफिस बंद था। इसी दौरान उसने गोदाम का लॉक खुला देखा। जैसे ही प्रिया ने गोदाम का गेट खोला, अंदर आग की लपटें दिखाई दीं। यह देखकर उसने तुरंत घर पर फोन कर घटना की सूचना दी।

# मोदी सरकार ने महंगाई को काफी हद तक कंट्रोल किया : कैलाश चौधरी



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )**। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी और महंगाई को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। झुंझुनू दौरे पर पहुंचे चौधरी ने कहा कि तेल की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तय होती हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन कीमतों को काफी हद तक नियंत्रित किया हुआ है। ताकि देश की जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई पर लगातार नजर बनाए हुए है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रहित में इंधन की बचत करने का आह्वान किया। भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में हिस्सा लेने झुंझुनू पहुंचे कैलाश चौधरी का हवाई पट्टी के पास युवा सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश सोनी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और कैलाश चौधरी के समर्थक मौजूद रहे। चौधरी के स्वागत में फूलों की बारिश की गई और जमकर नारेबाजी हुई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें हल भेंट कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद वे पूरे राजस्थान का दौरा कर रहे हैं और हर जिले में जाकर किसानों से सीधे संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार किसानों को उन्नत और विकसित बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों की छोटी से छोटी समस्या का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य से सरकार योजनाओं को जमीन तक पहुंचा रही है। कार्यक्रम में राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, भाजपा नेता विनोद पूनियां, प्रसिद्ध ज्वैलरी व्यवसायी विजय सोनी चिड़ावा, विकास भालोठिया, विकास पायल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला अधिकारिता विभाग में गोद भराई रस्म आयोजित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )**। महिला अधिकारिता विभाग में मंगलवार को विभाग में कार्यरत रेखा जांगिड़ की गोद भराई रस्म का आयोजन पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रेखा जांगिड़ को उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्योला, आईसीडीएस के उप निदेशक विजेंद्र राठौड़, सुपरवाइजर पूजा, सुनीता, सरिता दनेवा, अल्का पूनिया, मोनिका, रतना, उषा कुलहरी, गोविंद, मनोज स्वामी, राहुल, सुनीता सहित रेखा जांगिड़ के पति सूचना सहायक अविनाश जांगिड़ एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

उप निदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि गोद भराई भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जिसके माध्यम से गर्भवती महिला की देखभाल, खानपान एवं प्रसव पूर्व तैयारियों के प्रति परिवार को जागरूक किया जाता है। वहीं आईसीडीएस के उप निदेशक विजेंद्र राठौड़ ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर माह में एक बार गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान सभी ने रेखा जांगिड़ के स्वस्थ एवं सुखद मातृत्व जीवन की कामना की करते हुवे पौधा भी भेंट किया।

# अधिक राशि वसूलने पर ई-मित्र कियोस्क 7 दिन के लिए निलंबित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )**। संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग सीकर सत्यनारायण चौहान ने बताया कि 11 मई 2026 को अब्दूल हमीद द्वारा प्रस्तुत परिवाद में शिकायत की गई थी कि ई-मित्र संचालक जुबेर अली द्वारा आधार कार्ड में पता अद्यतन कराने के बदले निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल की गई। शिकायत प्राप्त होने के पश्चात सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, पिपराली की टीम द्वारा 1 संबंधित पते पर स्थित ई-मित्र कियोस्क के111335021 (पुराना कियोस्क कोड के111165784) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पूर्व आवेदनकर्ताओं से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि ई-मित्र संचालक द्वारा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि वसूली जा रही थी। प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए द वेब इनफोटेक के ई-मित्र कियोस्क धारक जुबेर अली, कोड के111335021, पता अलहमदो मस्जिद के पास, वार्ड नम्बर 14, सीकर का कियोस्क आरएफपी-2025 के प्रावधानों के तहत निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने के कारण 7 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

# विष्णुपुराण कथा का आयोजन 25 से

निसं

**नोखा ( नवयत्न )**। पुरुषोत्तम मास के पावन उपलक्ष्य में नोखा की धर्म धरा में पहली बार विष्णुपुराण कथा रसोत्सव का आयोजन 25 मई से 31 मई तक विश्नोई धर्मशाला, सुजानगढ़ रोड में किया जाएगा। आयोजन से जुड़े ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि श्री मरुनायक व्यास पीठाधीश्वर पंडित भाईश्री के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। पंडित भाईश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि नोखा की धरती पर विष्णुपुराण का यह दिव्य, नव्य एवं भव्य आयोजन होगा जिसमें समस्त सनातनी भागीदार बनकर अधिक मास का पुण्य अर्जित कर सकेंगे। 7 दिवस चलने वाली कथा का समय दोपहर 2:15 बजे से 6:15 बजे तक रहेगा।

# भाजपा किसान मोर्चा का किसान सम्मेलन आयोजित

## केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के उत्थान, कृषि विकास एवं ग्रामीण समृद्धि के लिए निरंतर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है : चौधरी




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )**। भाजपा किसान मोर्चा की ओर से किसान सम्मेलन मंगलवार को जिला कार्यालय आयोजित किया गया। किसान सम्मेलन के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी थे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने की। सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष बिड़दीचंद चौधरी, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, विष्णु चेतानी, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, गजानंद कुमावत, मधु कुमावत, बनवारी यादव आदि मंचस्थ रहे। भाजपा जिला कार्यालय पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी का बड़ी माला, पार्टी के दुपट्टों से भव्य स्वागत किया। किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के उत्थान, कृषि विकास एवं ग्रामीण समृद्धि के लिए निरंतर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, उन्नत बीज, कृषि उपकरणों एवं विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास को गति देने का कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि भाजपा की सरकारों ने किसानों की चिंता करते हुए किसानों की निरंतर प्रगति के लिए कार्य कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने, उनकी पैदावार बढ़ाने सहित किसानों की समस्याओं का समाधान भाजपा की सरकारों ने ही किया है। कार्यक्रम को मंचस्थ अतिथियों ने संबोधित करते हुए भाजपा को किसानों के हितों की सरकार बताया। वक्ताओं ने कहा कि किसान वर्ग का सर्वाधिक ध्यान केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार रखती है। किसानों को किसान सम्मान निधि देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

### बंगाल में भाजपा सरकार बनने की खुशी में झालमुरी खिलाई

**भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की ओर झारमुरी बनाई गई। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बंगाल में भाजपा सरकार बनने की खुशी में झारमुरी बनाकर खिलाई गई। इस दौरान राजेश रोलन, रामावतार रूंथला, नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, जितेंद्र सिंह कारंगा, मनोहर सैनी, रघुवीर सिंह तंवर, प्रभुसिंह सेवद, करण सिंह, सुमन वर्मा, उमा सैनी, भंवरी खोखर, शारदा काबरा, कविता चौधरी, अनुराधा, विशाखा कुमावत, गोविंद बिजारणियां, रामचंद बगड़िया, तेजप्रकाश सैनी, महेंद्र जोशी, नंदलाल बिजारणियां, मोहन गुर्जर, आशीष कुल्हरी, रामनिवास गुर्जर, महेश खोखर, गोतम चनेजा, विश्वास गढ़वाल, हंसराज बिस्सु, त्रिभुवन सिंह आदि मौजूद रहे।**

# जिला निर्वाचन कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )**। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा निर्वाचन विभाग, राजस्थान के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला निर्वाचन कार्यालय में हेल्पडेस्क स्थापित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार देश के 16 राज्यों व 3 केन्द्रशासित प्रदेशों में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है। इस दौरान चुनावी सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने और पात्र नागरिकों, विशेष रूप से दिव्यांगजनों, प्रवासियों व बुजुर्ग मतदाताओं का नाम शामिल करने के लिए हेल्पडेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में इन 16 राज्यों व 3 केन्द्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्य दिवसों को कार्यालय समय सवेरे 09:30 बजे से सायं 06 बजे तक हेल्पडेस्क स्थापित कर कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि कार्मिकों को हेल्पडेस्क से संबंधित कार्य, भारत निर्वाचन आयोग के हेल्पलाइन नंबर 1950 और मोबाइल ऐप ईसीआई नेट और इसकी विशेषताओं विशेष रूप से बुक, कॉल विद् बीएलओ के बारे में सूचित करेंगे, जो लोगों को किसी भी मार्गदर्शन स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए सीधे उनके बीएलओ को जोड़ता है आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

# जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल 23 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )**। शहर के प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 23 मई को शास्त्रीनगर स्थित साइंस पार्क में जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल-2026 का आयोजन किया जाएगा। इसमें गायन, वादन और नृत्य की त्रिवेणी प्रवाहित होगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. श्रीराम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से होगा। इसमें 200 कलाकार भाग लेंगे। जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल में गायन प्रस्तुतियों के अंतर्गत एकल प्रस्तुति, युगल प्रस्तुति एवं समूह प्रस्तुति श्रेणियां रखी गई हैं। वहीं वाद्य संगीत प्रस्तुतियों को भी विशेष स्थान दिया गया है। समूह प्रस्तुति के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें श्रेणी, में 4 प्रतिभागी, श्रेणी बी में 6 प्रतिभागी तथा श्रेणी सी में 8 से 10 प्रतिभागी शामिल होंगे।

# तंदूरी नाइट होटल पर बड़ी कार्रवाई, चार बाल श्रमिक मुक्त

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )**। सीकर जिले में बाल श्रम एवं मानव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को मानव तस्करी विरोधी यूनिट के प्रभारी सुनीता बायल के निर्देशन में एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई को अंजाम देते हुए मानव तस्करी विरोधी यूनिट, उद्योग नगर थाना पुलिस, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस एवं गायत्री सेवा संस्थान की टीम ने पिपराली रोड स्थित तंदूरी नाइट होटल से चार नाबालिग बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया। रेस्क्यू के दौरान बच्चों की स्थिति बेहद चिंताजनक पाई गई, जहां उनके हाथों पर कई स्थानों पर जलने के निशान भी मिले। सूत्रों के अनुसार ह्यूमन इंटेलिजेंस के माध्यम से लंबे समय से सूचना प्राप्त हो रही थी कि उक्त होटल में नाबालिग बच्चों से अवैध रूप से श्रम करवाया जा रहा है। सूचना की पुष्टि होने के बाद मानव तस्करी विरोधी यूनिट की इंचार्ज सुनीता बायल के निर्देशन में संयुक्त टीम ने होटल पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान होटल परिसर से चार नाबालिग लड़के दस्तयाब किए गए। जांच में सामने आया कि सभी बच्चे दूसरे राज्यों के निवासी हैं और उनसे प्रतिदिन लगभग 14 से 15 घंटे तक लगातार काम करवाया जाता था। बच्चों से सुबह लगभग 9 बजे से देर रात 11 से 12 बजे तक होटल में कार्य लिया जाता था। इसके अतिरिक्त उनके रहने की भी उचित व्यवस्था नहीं थी और उन्हें होटल की ऊपरी मंजिल पर असुविधाजनक परिस्थितियों में रखा गया था। रेस्क्यू के दौरान टीम ने पाया कि होटल में तंदूर एवं गर्म उपकरणों के बीच लगातार काम करने के कारण बच्चों के हाथ कई जगह से जले हुए थे, जो उनकी कठिन परिस्थितियों को दर्शाता है। इस पूरी कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी यूनिट से एएसआई गिरधारी लाल वर्मा तथा जस्ट राइट इट फॉर चिल्ड्रन एलायंस एवं गायत्री सेवा संस्थान से जिला समन्वयक नरेश कुमार सैनी, अभिषेक बगड़िया एवं जितेंद्र सिंह नाथावतपुरा सक्रिय रूप से मौजूद रहे। रेस्क्यू के पश्चात सभी बच्चों का मेडिकल परीक्षण करवाया गया तथा उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के आदेशानुसार चारों बच्चों को कस्तूरबा सेवा संस्थान में अस्थायी आश्रय प्रदान किया गया है, जहां उनके भोजन, सुरक्षा, काउंसलिंग एवं पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रशासन ने होटल संचालक के विरुद्ध बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट तथा अन्य प्रासंगिक कानूनों के अंतर्गत मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कार्रवाई एक बार फिर दर्शाती है कि सीकर जिला प्रशासन एवं सामाजिक संस्थाएं बाल श्रम और मानव तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त और संवेदनशील कार्रवाई कर रही हैं ताकि बच्चों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराया जा सके।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों के निस्तारण के लिए अंतिम अवसर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )**। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक प्रियंका पारीक ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2016-17 से 2024-25 तक की अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑनलाइन आवेदन पत्रों में विभिन्न आक्षेप, आंशिक कमियां अथवा रेड फ्लैग होने के कारण अनेक आवेदन लंबित हैं। इन आवेदन पत्रों में संबंधित विद्यार्थियों एवं शिक्षण संस्थानों द्वारा आक्षेप पूर्ति कर ऑनलाइन फॉरवर्ड नहीं किए जाने से आवेदन स्वीकृति एवं भुगतान संबंधी कार्यवाही संभव नहीं हो पा रही है।

# अग्रसेन कटला ट्रस्ट को लेकर समाज में उठी पारदर्शिता और नई शुरुआत की मांग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )**। अग्रवाल समाज की ऐतिहासिक धरोहर अग्रसेन कटला को लेकर समाज में चर्चा तेज हो गई है। वहीं समाज के कई पदाधिकारियों और समाज बंधुओं ने ट्रस्ट संचालन में पारदर्शिता, वित्तीय मामलों का सार्वजनिक लेखा-जोखा और चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने की मांग उठाई। मंगलवार को मीडिया से रूबरू होते हुए जितेंद्र अग्रवाल, पवन राणा, सोम गोयल, मदन मोहन मित्तल, नृसिंह गुप्ता और इंद्र मोहन अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 1964 में स्थापित श्री अग्रवाल शिक्षा समिति ट्रस्ट के स्थान पर नए ट्रस्ट गठन की प्रक्रिया को लेकर समाज में असमंजस बना हुआ है। उन्होंने समाज के वरिष्ठ दानदाताओं और पुराने परिवारों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। समाज बंधुओं ने कहा कि समाज की संपत्तियों और निर्माण कार्यों से जुड़े वित्तीय मामलों का विस्तृत लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाना चाहिए। साथ ही ट्रस्ट और समिति से जुड़े चुनावी एवं प्रशासनिक मामलों में पारदर्शिता बनाए रखने की मांग भी की गई। वहीं समाज




के वरिष्ठ सदस्य मोहन मित्तल ने समाज बंधुओं से आपसी मतभेद भुलाकर नई शुरुआत करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि करीब दो वर्ष पूर्व हुए समाज के चुनाव वर्तमान में न्यायालय में लंबित हैं, जिससे समाज में असमंजस का माहौल बना हुआ है। मदन मोहन मित्तल ने समाज के सभी पदाधिकारियों, चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों और समाज बंधुओं से आग्रह किया कि पुराने विवादों को पीछे छोड़कर समाज हित में एकजुट होकर कार्य किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि पूर्व पदाधिकारियों को सम्मान पूर्वक विदाई देकर सर्वसम्मति और सौहार्द के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया जाए तथा नए चुनाव कराकर समाज में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया जाए। उन्होंने कहा कि अग्रसेन कटला केवल एक भवन नहीं बल्कि अग्रवाल समाज की ऐतिहासिक और सामाजिक धरोहर है। इसकी गरिमा, एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )**। स्थानीय तहसील कार्यालय में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनगणना कार्य में उत्कृष्ट और अनुकरणीय योगदान देने वाले अधिकारियों व प्रगणकों को सम्मानित किया गया। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा और तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी गिरधारी लाल पारीक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान बताया गया कि सुपरवाइजर धर्म सिंह मीणा ने जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत अपने आवंटित एचएलबी क्षेत्र के परिवारों को स्व-जनगणना के प्रति न केवल जागरूक किया बल्कि उन्हें प्रेरित कर समय सीमा से पूर्व ही शत-प्रतिशत स्व-जनगणना का कार्य पूरा करवाया। उनकी इस निष्ठा और कर्मठता को सभी अधिकारियों ने सराहा। बेहतर तालमेल और त्वरित कार्य के लिए प्रशासन द्वारा अग्रिम स्थान प्राप्त करने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजर को नकद राशि व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर धर्म सिंह मीणा को 5100 का नकद पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र, प्रथम स्थान प्रगणक दयाराम 3100 का नकद इनाम, द्वितीय स्थान प्रगणक संदीप 2100 का नकद इनाम, तृतीय स्थान प्रगणक लालचंद मेघवाल 1100 का नकद इनाम दिया गया। कार्यक्रम में घनश्याम खिलेरी, विकास कुमार, लिखमाराम मेघवाल, मोहित कुमार सैनी, रूघाराम, सांवरमल प्रजापत, समय सिंह मीणा, विश्राम मीणा, मुकेश पांडर सहित कुल 39 प्रगणकों को भी उनके सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# विप्र फाउंडेशन की मुहिम के तहत परिंदों के लिए लगाए परिंडे



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विप्र फाउंडेशन की मुहिम के तहत जिलेभर में परिंदों के लिए परिंडे लगाने का अभियान शुरू किया गया। राष्ट्रीय संयोजक सुशील ओझा के निर्देशानुसार जिला संयोजक उमाशंकर महमिया संयोजन में व पंडित हरिकृष्ण शुक्ला के सानिध्य में बिबाणी धाम बालाजी प्रांगण एवं इच्छापूर्ण बालाजी मंड्रेला रोड सहित विभिन्न स्थानों पर हफ्ते में 101 परिंडे लगाने के लक्ष्य के तहत प्रथम चरण में 21 परिंडे लगाए गए। इस अवसर पर उमाशंकर महमिया ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करना मानवता का सबसे बड़ा धर्म है।

विप्र फाउंडेशन की यह राष्ट्रीय मुहिम समाज में जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भावना का संदेश दे रही है। कार्यक्रम के दौरान विप्र फाउंडेशन जिला कोषाध्यक्ष राकेश सहल एवं जिला मंत्री विकास पुरोहित के सौजन्य से पक्षियों के लिए 5 क्विंटल अनाज की व्यवस्था भी की गई, जिसे सुबह-शाम परिंदों को डाला जाएगा। इस दौरान जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, जिला मंत्री रमेश चौमाल, गोपीराम पुरोहित, श्यामसुंदर दाधीच, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, राकेश व्यास, एडवोकेट रवि शुक्ला, गुड्डू पुरोहित सहित विप्र फाउंडेशन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री का किया स्वागत



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम के झुंझुनू आगमन पर विश्व हिन्दू परिषद नवलगढ़ प्रखण्ड टोली ने दुपट्टा ओढ़ाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम झुंझुनू में चल रहे दुर्गा वाहिनी के प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में बौद्धिक देने आए थे। नवलगढ़ प्रखण्ड अध्यक्ष राम मोहन सेकसरिया व प्रखण्ड उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वामी ने शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के बौद्धिक सत्र में भाग लिया। इसके पश्चात् क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम को नवलगढ़ में विश्व हिन्दू परिषद की गतिविधियों व सेवा कार्यों की जानकारी दी व आगामी योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम, प्रांत उपाध्यक्ष शोभा गुप्ता, प्रांत उपाध्यक्ष सुभद्र पापड़ीवाल, बजरंग दल प्रांत संयोजक परमवीर सिंह चौहान, बजरंग दल प्रांत सह संयोजक सुमित खण्डेलवाल, प्रांत गौ सेवा प्रमुख सतीश चन्द्र मिश्रा, मातृशक्ति प्रांत सह संयोजिका आशा बगड़िया, दुर्गा वाहिनी प्रांत सह संयोजिका डॉ बाला, जयपुर महानगर मंत्री राकेश शर्मा, जयपुर महानगर दुर्गा वाहिनी संयोजिका अनिता खण्डेलवाल, जिला अध्यक्ष विनोद सिंघानिया व जिला मंत्री जयराज जांगिड़ सहित अनेक अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उर्वरकों के संतुलित प्रयोग पर किसान गोष्ठी आयोजित



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर की अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, अरणिया द्वारा ग्राम भोपतपुरा में कृषि ग्राम महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों, बीजोपचार, फसल सुरक्षा, पशुपालन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। डॉ शंकर कसवां ने खरीफ फसलों के वैज्ञानिक उत्पादन, जल संरक्षण, उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी। शंकर लाल गठाला ने उर्वरकों के संतुलित प्रयोग एवं नैनो उर्वरकों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। रामावतार मिश्रा ने गो आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में बताया तथा बताया कि गाय के गोबर, गो मूत्र बेसन, गुड़ जीवाणु युक्त मिट्टी का प्रयोग कर जीवामृत बनाकर काम में ले। सतपाल यादव ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं किसानों के मध्य संवादात्मक चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें किसानों ने खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए तथा कृषि विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में विजेता तीन महिला कृषकों को सम्मानित किया।

# गहलोत बोले- पेट्रोल-डीजल संकट पर सरकार गुमराह नहीं करे

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की किल्लत के मुद्दे पर सरकार से जनता को सच्चाई बताने को कहा। गहलोत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस संकट को लेकर सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की सच्चाई बताने की मांग की। गहलोत ने एक्स पर लिखा- कल आवास पर जोधपुर से मिलने आए कई आगुंतकों ने बताया कि वहां पेट्रोल पंपों पर सीमित मात्रा में पेट्रोल-डीजल दिया जा रहा है। बहुत से पेट्रोल पंपों पर डीजल-पेट्रोल उपलब्ध नहीं हैं।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को खिलाए शीतल तरबूज

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी और झुलसाती लू के थपेड़ों से आमजन को राहत प्रदान के लिए हर वर्ष की भांति लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा शीतल पेय एवं फल वितरण के कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब सचिव लॉयन अशोक जाजू के संयोजन में किया गया। सरोज देवी बिहानी पुत्री रुक्मानंद जाजू, धर्म पत्नी विनोद बिहानी, हैदराबाद प्रवासी के आर्थिक सौजन्य से शीतल तरबूज एवं तरबूज का शरबत लगभग 2500 लोगों को घंटाघर चौक पर वितरण किया गया। साआथ ही तीन जगहों पर शीतल जल की प्याऊ की भी व्यवस्था प्रारंभ की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक जाजू, देवकृष्ण मालपानी, सीए अभिषेक पोद्दार, मुरली राठी, एडवोकेट कैलाश खंडेलवाल, जोन चेयरपर्सन कमल तापड़ियाए महेश सोमानी, राजेंद्र जाजू, महावीर शर्मा, यूसुफ पलदार, दुर्गाराम डूकिया, ओमप्रकाश प्रजापत, पवन पारीक आदि ने सहयोग किया। कमल तापड़िया ने बताया कि लोग इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता के लिए स्वेच्छा से आगे आ रहे है और नौतपा में अधिक से अधिक लोगों को राहत मिले, इसके लिए तन मन और धन से अपना योगदान देने के इच्छुक हैं।

## नियम विरुद्ध व्यवसायिक निर्माण पर एक्शन

# नोटिस जारी कर निर्माण व बेचान पर लगाई रोक

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं ( नवयत्न )।** छिंपोलाई क्षेत्र में नियम विरुद्ध चल रहे व्यवसायिक निर्माण पर एक्शन लेते हुए तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे ने नोटिस जारी किया है। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 212 सपठित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) के तहत दयाल सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी घोटड़ा को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में बताया कि पटवारी रिपोर्ट के अनुसार मौजा लाडनूं के खसरा नम्बर 3315/475 रकबा 0.4725 हैक्टेयर किस्म बारानी 2 कृषि भूमि का अकृषि उपयोग किया जा रहा है। अवलोकन के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा का पाया जाने से राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 धारा 212 सपठित धारा भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 ए एवं 151 सी.पी.सी. में राजहित व न्यायहित में रोका जाना उचित बताया गया। अप्रार्थी को जरिये अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से आगामी आदेश तक पांबद किया जाता जाकर खसरान के मौके एवं राजस्व रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाये रखने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य व बेचान नहीं करने के लिए पाबंद किया है।

# डोटासरा बोले- क्या फिर लॉकडाउन लगने जा रहा है?

## फ्यूल बचाने की नौटंकी कर रहे मंत्री, मदन राठौड़ की जल्द पर्ची बदलेगी

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। डोटासरा ने कहा- पेट्रोल-डीजल की किल्लत है, रोज दाम बढ़ रहे हैं, महंगाई चरम पर है। उद्योग बंद हो चुके हैं। आने वाले दिनों में ही हालात ऐसे ही रहे तो 10-15 दिन के अंदर पूरी तरीके से लॉकडाउन लगने के हालात हो जाएंगे। डोटासरा ने कहा- क्या देश में फिर लॉकडाउन लगने जा रहा है? क्योंकि देश की बिगड़ती स्थिति पीएम मोदी के हाथ से निकलती जा रही है। फिर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी, पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाने की कैप, उद्योग धंधों पर ताला, रुपए में ऐतिहासिक गिरावट, चरम पर महंगाई और मंदी की आहट, हालात भयावह होते जा रहे हैं। डोटासरा ने बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पर्ची जल्द बदलने वाली है। डोटासरा ने कहा- पीएम मोदी को राजी करने के लिए राजस्थान में नौटंकी की जा रही है। परिवहन मंत्री खाली बस मंगवा कर जा रहे हैं।



# कथा में धूमधाम से मनाया प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री गीता गायत्री मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की दिव्य रामकथा के दौरान मंगलवार को राम जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा का आयोजन पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में किया जा रहा है। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि व्यासपीठ पर विराजित बालक देवाचार्य महाराज ने जैसे ही भए प्रकट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी भजन का गायन किया, पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाए और भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर जमकर बधाई उछाल की। इस अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों और गुब्बारों से आकर्षक रूप से सजाया गया। भक्तों में टॉफी, मिठाई, खिलौने और बिस्किट वितरित किए गए। मंगल गीतों और जयकारों के बीच उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# रायबरेली में राहुल गांधी बोले- आर्थिक तूफान आने वाला है

## बहुत कठिन समय आ रहा है, एक्शन लेने के बजाए मोदीजी विदेश चले गए

रायबरेली।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2 दिन के यूपी दौरे पर हैं। मंगलवार को रायबरेली में राहुल ने कहा- अब आर्थिक तूफान आने वाला है। पीएम मोदी ने अडाणी और अंबानी वाला जो आर्थिक ढांचा बनाया है, वह टूटकर गिरेगा। इसका नुकसान आम जनता को होगा। यूपी की जनता को शॉक लगेगा। बहुत कठिन समय आ रहा है। एक्शन की बजाए पीएम कह रहे हैं कि विदेश यात्रा पर मत जाइए, जबकि खुद दुनिया के चक्कर काट रहे हैं।

### राहुल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा-

हम आपके साथ खड़े हैं। जहां भी आप जाएंगे, मुझे बुला लीजिए, मैं आपके साथ रहूंगा। आपने मेरा समर्थन किया, आपने बारात घर की मांग की थी, हमने आपको बारात घर भी दे दिया। अगली बार जब यहां शादी होगी तो मुझे जरूर बुलाइएगा, मैं जरूर आऊंगा। हमारा रिश्ता प्यार का है, दिल का रिश्ता है, परिवार जैसा रिश्ता है। जनता मेरे लिए माता-पिता, दादी, बहन और भाई जैसी है।

राहुल मंगलवार सुबह 11.30 बजे दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने उनका स्वागत किया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक बैनर-पोस्टर लेकर एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए।

लखनऊ से राहुल कार से रायबरेली रवाना हुए। रास्ते में काफिला रुकवाकर चुरुवा मंदिर में हनुमानजी के दर्शन किए। पुजारी ने उन्हें माला पहनाई। प्रसाद दिया। फिर बछरावां में सांसद निधि से बने मैरिज हॉल



का उद्घाटन किया। गांव के लोगों से बात की।

राहुल गांधी मंगलवार रायबरेली में रहेंगे। वह खीरो गांव में एक छोटी जनसभा को संबोधित करेंगे। लालगंज में महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। कल यानी 20 मई को जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मिलेंगे। स्वतंत्रता सेनानी वीरा पासी की मूर्ति का अनावरण करेंगे। इसके बाद अमेठी रवाना हो जाएंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद राहुल गांधी 6 बार रायबरेली आ चुके हैं। यह उनका 7वां दौरा है। इससे पहले, 19 जनवरी 2026 को रायबरेली आए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल 2027 में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं।

### राहुल बोले- मोदी जी की राजनीति एक ही दिशा में रही- नफरत फैलाना

राहुल गांधी ने खीरो में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- आपने लोकसभा चुनाव में हमारा पूरा समर्थन किया। भारी बहुमत से हमें जिताया। इसके लिए भी मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं आपसे देश के हालात पर भी बात करना चाहता हूं। आज देश में क्या हो रहा है और आने वाले समय में क्या होने वाला है। पिछले 10 से 12 सालों में नरेंद्र मोदी जी की राजनीति एक ही दिशा में रही है- नफरत फैलाना, लोगों का ध्यान भटकाना और जनता की संपत्ति, चाहे वह किसानों की हो, मजदूरों की हो, छोटे व्यापारियों की हो या युवाओं की। उसे कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में पहुंचाना।

राहुल ने कहा- लोग पूछते हैं कि मजदूरों से धन कैसे छीना गया, तो मैं बताना चाहता हूं। हर साल मनरेगा जैसी योजनाओं के जरिए मजदूरों को रोजगार और पैसा मिलता था। करोड़ों लोगों को इससे रोजगार मिलता था, लेकिन आरोप है कि इस व्यवस्था में बदलाव कर कई जगहों पर इसका असर कम हुआ। इसी तरह छोटे व्यापारियों पर नोटबंदी का असर पड़ा। अचानक कैश सिस्टम बदलने से उनका काम प्रभावित हुआ और कई लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

### राहुल गांधी बोले- महंगाई और आर्थिक संकट से आम जनता परेशान

राहुल गांधी ने खीरो में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने बढ़ती महंगाई, आर्थिक संकट, बेरोजगारी और पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर सरकार को घेरा। राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति का मतलब लोगों का ध्यान भटकाना और जनता की जेब से पैसा निकालना बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में जनता के मुद्दे उठाने पर उनका माइक बंद कर दिया जाता है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है, जबकि सरकार लोगों को इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने की सलाह दे रही है।

### राहुल गांधी ने लालगंज में महंगाई और महिला सुरक्षा पर सरकार को घेरा

राहुल गांधी ने लालगंज में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं से मुलाकात की। वह करीब 25 मिनट तक कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने महंगाई, आर्थिक संकट, सोना-चांदी, तेल, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के साथ बेरोजगारी के मुद्दे उठाए। महिला सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने सरकार पर सवाल खड़े किए। कार्यक्रम में शामिल बीनू सिंह ने बताया कि राहुल गांधी ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है और सोना-चांदी खरीदना भी मुश्किल हो गया है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दें

## लोगों की सुरक्षा जरूरी; जो अफसर निर्देश न माने, उस पर अवमानना का केस चले

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि खतरनाक या रेबीज से संक्रमित आवारा कुत्तों को इंजेक्शन लगाकर मारा जा सकता है, लोगों की जान की हिफाजत जरूरी है और गरिमा के साथ जीने में कुत्तों के खतरे से मुक्त होकर रहने का अधिकार भी शामिल है। मंगलवार को दिए गए इस मामले पर आखिरी फैसले के साथ ही कोर्ट ने सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के आदेश के खिलाफ दाखिल सभी याचिकाएं खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी पर नवंबर 2025 में दिए गए निर्देश ही लागू होंगे। जो अफसर इनका पालन न करें, उन पर अवमानना का केस चले।

नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाईवे जैसे पब्लिक प्लेस से आवारा कुत्तों को हटाने के निर्देश जारी किए थे।

कोर्ट ने कहा था कि आवारा कुत्तों को जहां से पकड़ें, नसबंदी और टीकाकरण के बाद वहीं न छोड़ें। ऐसे कुत्तों को शेल्टर होम्स में रखें। अदालत ने सड़कों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर भी बैन लगाया था। इसके बाद कई डॉग लवर्स और एनजीओ ने इन निर्देशों को रद्द कराने के लिए कई याचिकाएं दाखिल की थीं। हालांकि इन याचिकाओं की संख्या की जानकारी नहीं दी गई है।

### मंगलवार के आदेश की अहम बातें

- राज्य सरकारें पशु कल्याण बोर्ड के नियमों को मजबूत करें और सही तरीके से लागू करें।
- हर जिले में पूरी तरह काम करने वाला एक एबीसी सेंटर बनाया जाए।
- जहां आवारा कुत्तों की आबादी ज्यादा है, वहां जरूरत के हिसाब से एबीसी सेंटरों की संख्या बढ़ाई जाए।
- जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दूसरे सार्वजनिक स्थानों पर भी ये नियम लागू करने पर फैसला लिया जाए और उसे तय समय में लागू किया जाए।
- एंटी-रेबीज दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
- एनएचएआई नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए जरूरी कदम उठाए, जैसे पुराने ट्रांसपोर्ट वाहनों का इस्तेमाल कर उन्हें हटाना।
- रेबीज से संक्रमित और बेहद खतरनाक कुत्तों को



कानून के तहत और जरूरत पड़ने पर यूथेनेशिया (दया मृत्यु) जैसे कदम उठाए जा सकते हैं ताकि लोगों का जीवन सुरक्षित रहे।
- कोर्ट के आदेश लागू करने वाले नगर निगम और सरकारी अधिकारियों को कानूनी सुरक्षा दी जाए।
- सामान्य तौर पर उनके खिलाफ स्न्नङ्कक्रऔर सख्त कार्रवाई न की जाए।

# अफगानिस्तान सीरीज के लिए भारतीय वनडे-टेस्ट टीम का ऐलान

## वनडे टीम में रोहित-कोहली शामिल, ईशान की 3 साल बाद वापसी; बुमराह-जडेजा को आराम



मुंबई।

अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया गया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को दोनों टीमों से आराम दिया गया है। वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की 3 साल बाद वापसी हुई है। उन्होंने पिछला वनडे 11 अक्टूबर 2023 को अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। लेफ्ट आर्म स्पिनर मानव सुथार, गुरनूर बरार और हर्ष दुबे को पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली है। अफगानिस्तान की टीम 6 जून से भारत दौरे पर आएगी। दोनों टीमों के बीच एक टेस्ट और 3 वनडे खेले जाएंगे। वनडे मैच धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में 14, 17 और 20 जून को होंगे। ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल विकेटकीपर टेस्ट टीम में चुने गए हैं। केएल राहुल को भारतीय टेस्ट टीम का उपकप्तान बनाया गया है। इससे पहले आखिरी टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में ऋषभ पंत ने कप्तानी की थी। वे इस सीरीज में उपकप्तान थे।

## 25 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी महासंघ ने किया आंदोलन का ऐलान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने मुख्य सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। महासंघ के पदाधिकारी कुलदीप यादव, देवेंद्र सिंह नरूका और अजयवीर सिंह ने संयुक्त बयान में बताया कि आरजीएचएस योजना को निजी बीमा कंपनी को सौंपने के बजाय पूर्व की भांति सरकार के माध्यम से संचालित रखा जाए। साथ ही रोके गए सरेंडर लीव का भुगतान, पदोन्नति में दो वर्ष की शिथिलता तथा संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की मांग भी उठाई गई है। महासंघ ने अपने लंबित 25 सूत्रीय मांगपत्र पर सरकार से जल्द वार्ता कर समाधान निकालने की अपील की है। महासंघ ने आंदोलन के लिए तीन चरणों की रणनीति बनाई है। प्रथम चरण में 20 मई को प्रदेशभर में जिला कलेक्टरों, विभागाध्यक्षों एवं कार्यालय प्रमुखों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर 25 से 30 मई तक कर्मचारी प्रतिदिन दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक सांकेतिक कार्य बहिष्कार करेंगे। वहीं तीसरे चरण में पूरे प्रदेश में कर्मचारी जागृति यात्रा निकालकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में गजेंद्र सिंह राठौड़, कुलदीप यादव, देवेंद्र सिंह नरूका, अजयवीर सिंह, ओमप्रकाश चौधरी, बहादुर सिंह, शशि शर्मा, महेश धाकड़, प्रशांत शर्मा और मोहित गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नकाबपोश बदमाशों ने टी-पॉइंट पर की तोड़फोड़, दुकान मालिक से मारपीट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रताप नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक टी-पॉइंट पर नकाबपोश बदमाशों द्वारा तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे बदमाशों ने दुकान में जमकर उत्पात मचाया और दुकान मालिक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस के अनुसार प्रताप नगर स्थित भैरो सर्किल पर यादवंशी टी पॉइंट नाम से वासुदेव की दुकान है। मंगलवार सुबह करीब 4:45 बजे वासुदेव दुकान पर मौजूद ग्राहकों के लिए चाय बना रहा था। इसी दौरान 5-6 नकाबपोश बदमाश लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे। बदमाशों को देखकर दुकान पर मौजूद ग्राहक डरकर मौके से भाग गए। इसके बाद आरोपियों ने दुकान में घुसकर लाठी-डंडों से जमकर तोड़फोड़ की। साथ ही दुकान मालिक वासुदेव के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। वारदात के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल वासुदेव को आरयूएचएस अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक उपचार करवाया। पुलिस ने दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें हमलावरों की पूरी करतूत कैद मिली है। पीड़ित वासुदेव ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पहले उसकी अनुपम चौधरी नामक युवक से कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते हमले की आशंका जताई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## वार्ड वासियों ने पेश की अनोखी मिसाल, वर्षों पुराना कचरा पॉइंट हुआ मुक्त


सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 के अंतर्गत शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में वार्डवासियों ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बाडियाबांस चांदपोल गेट स्थित तोदियों के कुएं के पास वर्षों पुराने कचरा पॉइंट को हमेशा के लिए मुक्त कराने का संकल्प लिया। पुराने वार्ड नंबर 23 एवं नए वार्ड नंबर 29 के स्थानीय निवासियों ने एकजुट होकर यह निर्णय लिया कि अब इस स्थान पर ना स्वयं कचरा डालेंगे और ना ही किसी अन्य को डालने देंगे। वार्डवासियों की सामूहिक जागरूकता एवं सहयोग से लंबे समय से बना कचरा पॉइंट पूरी तरह समाप्त कर स्वच्छता का संदेश दिया गया साथ ही वार्डवासियों ने संबंधित जॉन निरीक्षक व सफाई कर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर परिषद सीकर के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने वार्डवासियों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर का सपना तभी साकार होगा जब आमजन स्वयं जिम्मेदारी निभाते हुए स्वच्छता अभियान से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल अन्य वार्डों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। वरिष्ठ आयुक्त ने कहा कि श्स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 में सीकर को अग्रणी स्थान दिलाने के लिए नगर परिषद लगातार प्रयासरत है लेकिन जनसहभागिता के बिना यह संभव नहीं है। वार्डवासियों द्वारा लिया गया यह संकल्प शहर में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने का संकल्प लिया। नगर परिषद ने भी आमजन से अपील की कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## दस्तावेजों में त्रुटि सुधार के लिए गौरव सेनानियों से अपील

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** कर्नल बिजेन्द्र सिंह महला सेनि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर ने बताया कि सभी गौरव सेनानियों, वीरांगनाओं एवं बलिदानी योद्धाओं के आश्रितों को सूचित किया जाता है कि पूर्व सैनिकों के सैन्य सेवा दस्तावेजों एवं सिविल दस्तावेजों में पारिवारिक विवरण जैसे नाम, नाम की वर्तनी, जन्मतिथि आदि में भिन्नता पाए जाने के कारण पारिवारिक पेंशन, बच्चों को शैक्षणिक सुविधाएं तथा अन्य नियमानुसार देय परिलाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के मामलों का समय रहते समाधान करवा लेने पर भविष्य में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। इसलिए सभी गौरव सेनानियों, वीरांगनाओं एवं बलिदानी योद्धाओं के आश्रितों से अनुरोध है कि वे अपने सैन्य सेवा दस्तावेजों एवं सिविल दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता पासबुक, शैक्षणिक दस्तावेज, परिवार राशन कार्ड, जन आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों की जांच अवश्य कर लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि अथवा भिन्नता पाई जाती है तो संबंधित संशोधन करवाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय दिवस में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सीकर में उपस्थित होकर अभिलेख प्रस्तुत करें ताकि संबंधित अभिलेख कार्यालय को प्रकरण भिजवाकर दस्तावेजों में आवश्यक संशोधन करवाया जा सके।






## उपमुख्यमंत्री ने भगवान गणेश पाटोत्सव में की पूजा-अर्चना

**जयपुर ( नवयत्न )।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को जयपुर के दिल्ली रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में आयोजित 15वें श्री गणेश पाटोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन परंपराओं, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दो महिलाओं की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना इलाके में तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई। हादसा 14 मई की शाम जगतपुरा पुलिया के पास हुआ, जिसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। घटना के बाद परिजनों ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एएसआई सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि हादसे में पूनम विहार जगतपुरा निवासी सुनीता बैरवा पत्नी ओमप्रकाश और सुगना देवी पत्नी जगदीश कुमार की मौत हो गई। दोनों आपस में सहेलियां थी। जो रेलवे कॉलोनी आनंद विहार स्थित रिश्तेदार के घर से लौट रही थी। इस दौरान बीएल हॉस्पिटल के सामने जगतपुरा पुलिया के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों महिलाएं करीब 20 फीट दूर जाकर गिरीं। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने जयपुरिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए। परिजनों द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर बाइक सवार की करतूत सामने आई, जिसके आधार पर रामनगरिया थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी बाइक चालक की तलाश में जुटी है। हालांकि घटना के कई दिन बाद भी आरोपित बाइक सवार युवक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।



## स्टेडियम परिसर में वाहनों की आवाजाही बंद करवाने की मांग



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** रेलवे अंडरपास निर्माण के चलते नगरपालिका द्वारा बाइपास रोड से खेल स्टेडियम से होकर निकाला गया अस्थाई मार्ग खेल प्रेमियों के लिए खतरा बन गया है। यहां यातायात दबाव के चलते दिनभर बड़े वाहनों का गुजर होता है जिससे खिलाड़ियों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता होने लगी है। खेल प्रेमियों ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी को ज्ञापन देकर बताया कि स्थानीय एसआर गुहराय स्टेडियम के अंदर ग्रीन घास वाले खेल मैदान के बीच से लगातार दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की आवाजाही हो रही है। इससे मैदान की घास एवं खेल परिसर को नुकसान होने लगा है। तथा मैदान में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों की सुरक्षा को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। हर समय वाहनों की आवाजाही के कारण किसी भी समय खिलाड़ियों को चोट लगने या दुर्घटना कारित होने की संभावना बनी हुई है। ज्ञापन में बताया कि खेल मैदान खिलाड़ियों के अभ्यास एवं खेल गतिविधियों के लिए सुरक्षित स्थान होना चाहिए। इसलिए यहाँ से वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक बताया है। इसके साथ ही स्टेडियम परिसर में वाहनों के प्रवेश एवं आवाजाही पर तत्काल रोक लगाने, खिलाड़ियों की सुरक्षा की दृष्टि से उचित बैरिकेडिंग की व्यवस्था करवाने की मांग भी रखी गई है।

## ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वैद्य दयानंद स्वामी, देवेंद्र नरूला, सविता कंदोई, पूर्व छात्रा खुशी सरावगी ने अपने विचार प्रकट किए। सुमन मीणा ने आगंतुक महाअनुभवों का परिचय करवाया।

प्रधानाचार्य दया कंवर ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर में 18 से 1 जून तक नृत्य, गीत, अंग्रेजी स्पोकन, घोष वादन के बारे में सिखाया जाएगा। इस अवसर पर बहनों को प्रदत्त वाटर कूलर उद्घाटन प्रमोद कंदोई, रितु कंदोई ने किया। कार्यक्रम में श्रवण, गणेश, ममता, सरिता, संतोष, तरुण उपाध्याय, आचार्य बनवारी लाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अग्रवाल महिला सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

सुजानगढ़ (नवयत्न)।

स्थानीय स्टेशन रोड स्थित श्री अग्रसेन भवन में श्री अग्रवाल महिला सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव निर्वाचन अधिकारी मीरा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं बबीता मंगलूनिया की अध्यक्षता में सर्व सम्मति से सम्पन्न हुए। जिसमें नवीन सत्र के लिए अध्यक्ष बबीता मंगलूनिया, मंत्री सुमन मिरनका, कोषाध्यक्ष अनु तोदी, उपाध्यक्ष सुमन जाजोदिया, सहअध्यक्ष संजना जालान, उपमंत्री राखी तोदी, सहमंत्री राधिका खेतान, सहकोषाध्यक्ष स्नेहलता क्याल, सांस्कृतिक मंत्री नीलिमा मंगलूनिया, खेल मंत्री पूजा अग्रवाल, प्रेस सचिव मोनिका शोभासरिया, मीडिया प्रभारी दीपा तोदी, संरक्षक मीरा गुप्ता, किरण कंदोई व रितु गाड़ोदिया को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रियंका गोयनका, रेनू तोदी, उषा मोदी, पायल सर्राफ, निशा खेतान, वीणा खेतान, पूजा क्याल, हेमलता अग्रवाल, प्रियंका खेतान, सपना बेड़िया, सुमन खेतान, मानसून पंसारी, अंजू जालान, दीपिका मोर, उर्मिला अग्रवाल, ममता अग्रवाल, माया मित्तल, विजयलक्ष्मी बगड़िया, अंशु मोर को चुना गया।

## जिला महिला कांग्रेस का केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन

हरीश देवंदा

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को पेट्रोल पम्प के सामने प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने केन्द्र सरकार से नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग उठाई।




प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने हाल ही में एक सप्ताह के भीतर पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के दामों में दो बार वृद्धि किये जाने पर कड़ा विरोध जताया। जिलाध्यक्ष खुशाल चैहान के कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है और आमजन का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। मीना कंवर, माली देवी, मीरा, तनू स्वामी, सुशिला ने अपने विचार रखते हुए कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है।

प्रदर्शन के दौरान केन्द्र सरकार से इंधन पर लगाये गए टेक्स हटाने तथा रसोई में उपयोग होने वाली आवश्यक वस्तुओं के दाम कम करने की मांग की गई। उपस्थित महिलाओं द्वारा निर्णय लिया गया कि महंगाई के विरोध में प्रतिदिन पोस्टकार्ड अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत महिलाएं प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर महिलाओं को संसद एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने तथा महंगाई पर नियंत्रण करने, गैस, डीजल एवं पेट्रोल पर टेक्स हटाने तथा आवश्यक वस्तुओं के दाम घटाने की मांग करेंगी। प्रदर्शन में बसंत कुमार यादव, मदन लाल सैनी ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यव बलदेव यादव, मुकेश अग्रवाल, राधेश्याम योगी, लीला राम सैनी, गोपाल सैनी, गुलाब यादव, गहलोत गांवड़ी, सुमित्रा कंवर, सीमा कंवर, कौशल्या कंवर, फूली देवी, लक्ष्मी देवी, रितु स्वामी तथा सुशीला देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया तथा केन्द्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

## बड़ा मंगल पर हनुमान मंदिरों में उमड़ी श्रद्धा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रथम ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़ा मंगल पर मंगलवार को छोटी काशी जयपुर के हनुमान मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। शहर के खोले के हनुमान जी मंदिर, काले हनुमान जी मंदिर, ढहर के बालाजी, पापड़ वाले हनुमान मंदिर, सांगानेरी गेट स्थित पूर्वमुखी एवं पश्चिममुखी हनुमान मंदिर, दिल्ली रोड व गलता गेट के पंचमुखी हनुमान मंदिर तथा हाथोज के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। मंदिरों में भगवान हनुमान का पंचामृत अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया गया और फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर मंगलकामनाएं की। वहीं झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री बड़ पीपली धाम में महंत प्रमेन्द्रनाथ महाराज के सान्निध्य में हनुमान महाराज का 108 किलो दूध से दुग्धाभिषेक किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सवा लाख राम नाम मंत्र का जाप कर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की।


### कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना राज0

क्रमांक:न0पा0नीम0 / 2026–27 / 1034 दिनांक: 15.05.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण पंजीकृत फर्मो / ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका द्वारा वर्ष 2026–27 में आवश्यक सेवायें ली जाने की दर संविदा किये जाने हेतु निविदा फार्म निविदा प्रकाशन से दिनांक 22.05.2026 दोपहर 11.00 बजे तक विक्रय की जावेंगी एवं दिनांक 22.05.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने होगें तथा संभव हुआ तो प्राप्त सीलबन्द निविदाऐं उसी दिवस को दोपहर बाद 03.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। उक्त तिथी को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को निविदा प्रति विक्रय / प्राप्त / खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर दिनांक 15.05.2026 से देखी जा सकती है। उक्त कार्य की **NIB code DLB2627A1831** यूबीएन **DLB2627GSOB04842, DLB2627GSOB04843, DLB2627GSOB04844, DLB2627GSOB04845, DLB2627GSOB04846, DLB2627GSOB04847, DLB2627GSOB04848, DLB2627GSOB04851, DLB2627GSOB04852** हैं।

राज.संवाद / सी / 26 / 3046 अधिशाषी अधिकारी

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल लोसल जिला–सीकर

क्रमांक : न.पा.लो. / 2026–27 / 466 दिनांक :–15.05.2026

**ई–निविदा सूचना**

नगरपालिका मण्डल लोसल द्वारा विकास कार्यो के अन्तर्गत कार्य करवाये जाने हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से तकनीकी व वितीय (दो लिफाफा पद्वति) द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑन लाईन निविदा दिनांक 19.05.2026 से 28.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in तथा पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है। जिसके एन.आई.बी कोड़ – **DLB2624A1815** व यु.बी.एन. नम्बर निम्नानुसार है:–

**UBN No. – DLB2627WSOB04827, DLB2627WSOB04829, DLB2627WSOB04830, DLB2627WSOB04831**

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका लोसल

राज.संवाद / सी / 26 / 3057

### कार्यालय नगरपालिका पलसाना सीकर (राज0)

क्रमांक / नपाप / 2026–2027 / 221 दिनांक :–14.05.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण पंजीकृत फर्म / ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका द्वारा वर्ष 2026–27 में आवश्यक सेवायें ली जाने / आवश्यक सामान क्रय किये जाने की दर संविदा किये जाने हेतु निविदा फार्म निविदा प्रकाशन से कार्य के सामने अंकित विक्रय तिथी 22.05.2026 को सुबह 12.00 बजे तक विक्रय की जावेंगी एवं 22.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने होगें तथा संभव हुआ तो प्राप्त सीलबन्द निविदाऐं उसी दिवस को दोपहर बाद 04.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। उक्त तिथी को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को निविदा प्रति विक्रय / प्राप्त / खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकती है। उक्त कार्य की एनआईबी कोड व यूबीएन निम्नानुसार हैं :–

NIB code : -

| | | |
|---|---|---|
| DLB2627A1798 | | |
| UBN : - | | |
| DLB2627GSOB04767 | DLB2627GSOB04768 | DLB2627GSOB04769 |
| DLB2627GSOB04770 | DLB2627GSOB04771 | |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पलसाना

राज.संवाद / सी / 26 / 3058

### कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला–सीकर (राज0)

Email - ringas.jaipur@gmail.com Phone No. 01575-224854

क्रमांक: नपारी / 2026–27 / 477 दिनांक:–14.05.2026

**संक्षिप्त ऑनलाईन बिड सूचना 2026–27/379**

नगर पालिका मण्डल रींगस द्वारा नगर पालिका क्षैत्र रींगस के सफाई 05 जोनो में सफाई एवं कचरा संग्रहण परिवहन के कार्य बाबत् सफाई श्रमिक एवं संसाधन ठेके मार्फत लेने हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्म / व्यक्तियों से ई–प्रोक्यूरमेंन्ट प्रकिया द्वारा ऑनलाईन बिड (बोली दरें) दिनांक–13.05.2026 से 24.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत विवरण, जानकारी एंव शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। बिड के कोड निम्न प्रकार है:–

**NIB Code-DLB2627A1704**
**UBN Code- DLB2627WSOB04461, DLB2627WSOB04466, DLB2627WSOB04471, DLB2627WSOB04474, DLB2627WSOB04481**

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रींगस

राज.संवाद / सी / 26 / 3063

### OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION I SIKAR

No. 723 Date 14-05-2026

**Notice Inviting Bid No. 04/2026-27**

Bids for 09 (Nine Nos.) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM dated 31.05.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 1218.01 Lac.

**NIB No.** PWD2627A0548
**UBN No.** PWD2627WSOB02474 to PWD2627WSOB02480
PWD2627WSRC02482, PWD2627WSRC02484

Executive Engineer
PWD Dn. I Sikar

DIPR/C/8726/2026

### सार्वजनिक सूचना

यह कि मेरे मुवकिल अक्षय कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुनिया जाती जाट निवासी केहरपरा खुर्द तहसील चिड़ावा जिला झुझुनू अपने प्लोट क्षेत्रफल 636.13 वर्ग गज वाके जो खसरा नं. 247, 284, 285 ग्राम माखर तहसील व जिला झुंझुनू में स्थित है उक्त प्लोट पर Au Small Finance Bank से लोन ले रहा है, उक्त प्लोट के पिछे की चैन का उपहार पत्र जो श्याम सुन्दर पुत्र कमला प्रसाद जाती ब्राहम्ण निवासी माखर जिला झुंझुनू ने अक्षय कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुनिया जाती जाट निवासी केहरपरा खुर्द तहसील चिड़ावा जिला झुझुनू के नाम से दिनांक 09.05.2017 को किया था। जिसका दस्तावेज कमांक नं. 201703228101043 है। उक्त असल उपहार पत्र कही खो गया है। उक्त प्लाट पर Au Small Finance Bank द्वारा अक्षय कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुनिया जाती जाट निवासी केहरपपुरा खुर्द तहसील चिड़ावा जिला झुझुनू को लोन देने पर किसी को कोई आपत्ती हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज /उज्र पर विचार नही किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मो. 9413434882**

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

## पांच जून को जयपुर से जाएगी द्वारका-नागेश्वर-सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार की ओर से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के तहत विशेष धार्मिक पर्यटक ट्रेन का संचालन 5 जून को किया जाएगा। यह ट्रेन जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से दोपहर करीब 3 बजे दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। प्रदेशभर के लगभग 1000 वरिष्ठजन द्वारका, नागेश्वर और सोमनाथ के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन से जाएंगे। यह विशेष ट्रेन 5 जून को जयपुर से रवाना होंगे। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस विशेष ट्रेन में जयपुर के अलावा अजमेर व आबू रोड स्टेशन से भी वरिष्ठजन सवार होंगे। देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि यह यात्रा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत चयनित उन श्रद्धालुओं के लिए आयोजित की जा रही है, जो पहले किसी कारणवश यात्रा पर नहीं जा सके थे। इसके लिए सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश भेज दिए गए हैं। जिस जिले में जितने यात्री प्रतीक्षा लिस्ट में हैं, उसी अनुपात में उन्हें इस यात्रा में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अजमेर और आबू रोड स्टेशन पर करीब 20 मिनट का ठहराव रहेगा, जहां यात्रियों की बोर्डिंग और अन्य व्यवस्थाएं पूरी की जाएंगी। 6 जून को सुबह करीब 11:30 बजे ट्रेन सोमनाथ पहुंचेगी। यहां यात्रियों को होटल में ठहराया जाएगा। विश्राम के बाद स्थानीय धार्मिक और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। 7 जून को सोमनाथ के शेष दर्शनीय स्थलों के दर्शन करवाने के बाद रात करीब 11:30 बजे ट्रेन द्वारका के लिए रवाना होगी। 8 जून को सुबह करीब 6 बजे द्वारका पहुंचने पर यात्रियों को होटल ट्रांसफर और विश्राम की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद द्वारकाधीश मंदिर सहित स्थानीय धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। 9 जून को दिनभर भ्रमण कार्यक्रम के बाद शाम करीब 6 बजे विशेष ट्रेन जयपुर के लिए रवाना होगी। 10 जून को शाम करीब 4 बजे ट्रेन जयपुर पहुंचेगी।

वापसी के दौरान अजमेर और आबू रोड स्टेशन पर भी यात्रियों के उतरने की व्यवस्था रहेगी। मंत्री कुमावत ने बताया कि ट्रेन में कुल 14 वातानुकूलित कोच, 2 पावर कार और 1 पैंट्री कार लगाई जाएगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन, होटल में ठहरने, स्थानीय परिवहन और दर्शनीय स्थलों के भ्रमण की पूरी व्यवस्था देवस्थान विभाग की ओर से की जाएगी। देवस्थान विभाग ने तीर्थयात्रियों की पूरी यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। ट्रेन में एक ट्रेन प्रभारी, प्रत्येक कोच में दो अनुदेशक, साथ ही एक डॉक्टर और दो नर्सिंग कर्मचारी तैनात रहेंगे।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दौलतपुरा थाना इलाके में सोमवार-मंगलवार मध्यरात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं इस हादसे में तीसरा युवक उछलकर दूर गिरने से बाल-बाल बच गया। यह घटना जयपुर-दिल्ली हाईवे पर दौलतपुरा पुलिया के नीचे हुई। हेड कांस्टेबल महावीर ने बताया कि तीनों युवक जमवारामगढ़ थाना क्षेत्र के रायसर गांव निवासी थे। मृतकों की पहचान महेश कुमार गुर्जर और कैलाश योगी के रूप में हुई है जबकि महेश का भाई मुकेश हादसे में सुरक्षित बच गया। हेड कांस्टेबल महावीर ने बताया कि तीनों युवक घर निर्माण के लिए सरिया खरीदने जयपुर आए थे। वापस लौटते समय हाईवे पर रोड क्रॉस करते दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद डंपर चालक वाहन की रफ्तार बढ़ाकर मौके से फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें डंपर बाइक सवार युवकों को टक्कर मारते हुए दिखाई दे रहा है। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए,, जबकि पीछे बैठा मुकेश दूर जा गिरा और बच गया। हेड कांस्टेबल महावीर ने बताया कि मुकेश काफी देर तक घायल साथियों के पास खड़ा होकर मदद के लिए चिल्लाता रहा। लेकिन कोई वाहन चालक नहीं रुका। इसके बाद में टोल एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को कांवटिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कैलाश को मृत घोषित कर दिया गया जबकि महेश ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## घटिया सड़क निर्माण मामले में तीन अभियंता और ठेकेदार गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा इकाई ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में घटिया निर्माण सामग्री उपयोग कर सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में सार्वजनिक निर्माण विभाग के तीन तत्कालीन अधिशासी अभियंताओं और एक संवेदक को गिरफ्तार किया है। जहां आरोपितों को मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायालय प्रतापगढ़ में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। एसीबी रेंज कोटा प्रभारी ओम प्रकाश मीणा ने बताया कि प्रतापगढ़ जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लेवापाड़ा, हीरापाड़ा और जापाकॉलोनी संपर्क सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने, निर्माण के दौरान ही सड़कें टूटने, अधूरे कार्य को पूर्ण दिखाकर भुगतान लेने और बिना कार्य किए बिल भुगतान करने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत के आधार पर एसीबी चौकी प्रतापगढ़ द्वारा 19 जुलाई 2013 को आकस्मिक जांच की गई। जिसके बाद 18 नवंबर 2013 को मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने की। जांच में तत्कालीन अधिशाषी अभियंता सायरमल मीणा, एनएल परमार, गिरधारी लाल वर्मा तथा संवेदक विनोद कोडिया की मिलीभगत से राज्य सरकार को 11 लाख 78 हजार 752 रुपए की आर्थिक हानि पहुंचाना प्रमाणित पाया गया। एसीबी मुख्यालय द्वारा चालान पेश करने का निर्णय लेने के बाद राज्य सरकार से अभियोजन स्वीकृति जारी हुई। इसके बाद चारों आरोपितों को 18 मई को गिरफ्तार कर 19 मई को न्यायालय में पेश किया गया।

## 17 वें दिन भी धरना रहा जारी

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय के सामने चल रहा धरना लगातार 17 वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में लोगों ने गांधी चौक पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। धरने पर बिलाल भूरान, समीत पंडित, अंकित सियोता, ईकबाल खां कायमखानी, तरूण सियोता, इरफान खान, दीपचंद टाक, राकेश, बबलू तेजी, शंकरलाल, कन्हैयालाल सोनी, ललित लाखन, अजीज, मनोज, शशिकान्त सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

# दो माह से बूंद-बूंद पानी को तरसे वार्डवासी

## नेशनल हाईवे पर किया प्रदर्शन

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी के बीच गोठड़ा ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 1 व 2 में पिछले करीब दो माह से गहराए पेयजल संकट को लेकर मंगलवार को वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। पानी की नियमित सप्लाई नहीं होने से परेशान महिलाएं व पुरुषों ने नानूवाली बावड़ी-सिंघाना नेशनल हाईवे पर एकत्रित होकर जलदाय विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश कर लोगों को शांत कराया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन में पानी की सप्लाई सुचारू नहीं हुई तो नेशनल हाईवे जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। वार्डवासी मंजू देवी ने बताया कि क्षेत्र में कुंभाराम नहर होने के बावजूद उन्हें नियमित पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा जबकि भीषण गर्मी में पानी की जरूरत लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि दोनों वार्डों में रहने वाले लोग पिछले दो महीनों से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। कई परिवारों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाकर घर का काम चलाना पड़ रहा है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जलदाय विभाग समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। महिलाओं ने बताया कि सप्लाई के दौरान मात्र दस मिनट के लिए पानी छोड़ा जाता है। जब अधिक समय तक पानी देने की बात कही जाती है तो कर्मचारी टंकी खाली होने की बात कहकर जवाब दे देता है। ऐसे में पर्याप्त पानी नहीं मिल पाने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में जलदाय विभाग के अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि गोठड़ा के वार्ड 1 व 2 में पिछले दो बार से पानी की सप्लाई प्रभावित हुई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर वार्डवासियों से बातचीत की गई है और सप्लाई को जल्द रिस्टोर करने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे से पानी की सप्लाई नियमित रूप से जारी रखने का प्रयास किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में शिल्पी, मंजू देवी, कृष्णा देवी, जवानी देवी, तेजपाल मेघवाल, मनोज वाल्मीकि, सुलोचना, संतोष देवी, आंची, बबीता, विद्या देवी, ममता, भगोती देवी, रेणु, सुमित्रा, अर्चना, रेशमी, कल्पना, नीता, बिमला, सुनीता, सुशीला, शांति देवी, पूनम, सुमन, शारदा, सुगनी, कमला, लीला देवी, संतरा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

### मजदूरी करें या पानी लाएं

वार्डवासियों ने बताया कि दोनों वार्डों में अनुसूचित जाति एवं मजदूर वर्ग के परिवार अधिक संख्या में रहते हैं, जो पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। तेजपाल मेघवाल, कृष्णा देवी, जवानी देवी, मनोज वाल्मीकि व सुलोचना ने बताया कि परिवार के सामने रोजी-रोटी और पानी के बीच चुनाव की स्थिति बन गई है। दिन में मजदूरी पर जाएं या फिर दूर से पानी भरकर लाएं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अधिकांश परिवार पानी के टैंकर भी नहीं मंगवा सकते। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की किल्लत के कारण कई परिवारों को अस्थायी रूप से घर छोड़कर रिश्तेदारों के यहां जाना पड़ रहा है। महिलाओं को सुबह से देर शाम तक पानी की तलाश में भटकना पड़ता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं।

## नर्सिंग अधिकारी ने खुद का फर्जी ट्रांसफर ऑर्डर किया जारी

**जयपुर ( नवयत्न )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में फर्जी तबादला आदेश जारी करने का मामला सामने आया है। नर्सिंग अधिकारी दिलीप सिंह पर सिरोही से कोटपुतली-बहरोड़ तबादला करवाने के लिए खुद का फर्जी ट्रांसफर ऑर्डर तैयार करने का आरोप लगा है। मामले में जयपुर के अशोक नगर थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोप है कि दिलीप सिंह ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान के निदेशक डॉ रवि प्रकाश शर्मा के नाम से 24 अप्रैल 2026 का फर्जी आदेश जारी किया। आदेश में निदेशक के हस्ताक्षरों की नकल कर इसे वास्तविक रूप देने का प्रयास किया गया। इसमें कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल की अनुशंसा और विभागीय आवश्यकता का भी उल्लेख किया गया था। फर्जी आदेश के अनुसार दिलीप सिंह जो सिरोही जिले के ब्लॉक रेवदर स्थित पीएचसी मंदार में कार्यरत थे उनका तबादला सीएचसी राजनोता, कोटपुतली-बहरोड़ में दर्शाया गया था। आदेश में तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश भी दिए गए थे।

## कोर्ट परिवादों का करें समुचित निस्तारण, उपखंड स्तर पर हो नियमित समीक्षा : सुराणा



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभिन्न राजस्व प्रकरणों एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि राजस्व अधिकारी नियमित रूप से कोर्ट में समय देते हुए परिवादों का समुचित निस्तारण करें। कोर्ट प्रकरणों में टास्क निर्धारित कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी के साथ अधिकारी राजस्व प्रकरणों में प्राथमिकता तय करें व समयबद्ध निस्तारण करें।

उन्होंने कहा कि लंबित राजस्व प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। प्रत्येक राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र के प्रकरणों की नियमित मॉनीटरिंग करें तथा लंबित मामलों में समय सीमा निर्धारित कर निस्तारण करें। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों, सीमाज्ञान, नामांतरण, कनवर्जन, पत्थरगढ़ी के प्रकरणों का एनालिसिस कर पेंडेंसी समाप्त करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों का यथाशीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने राजस्व अर्जन को लेकर जिले में आवंटित लक्ष्यों को लेकर सभी राजस्व अधिकारियों को अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बैठक में प्राथमिक डिक्री, कुर्रेजात, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, न्यायालय शाखा के प्रकरणों, रास्ते के प्रकरणों, अतिक्रमण, भू-रूपांतरण, ट्रांसमिशन लाइनों के आरओडब्ल्यू प्रकरण, फार्मर रजिस्ट्री, भूमि अधिग्रहण, बकाया राजस्व वसूली, भूमि आवंटन, ई.-फाइल, राजस्व न्यायालय शाखा, राजकीय प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन के लंबित प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों, पंजीयन में निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति सहित राजस्व से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने बैठक कार्यवाही का संचालन करते हुए दिशा-निर्देशों की समुचित पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों, आरओडब्ल्यू प्रकरणों की चर्चा की। इस दौरान चूरू तहसीलदार अशोक गोरा, नायब तहसीलदार महेन्द्र गहलोत सहित राजस्व कार्मिक मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय राजस्व अधिकारी जुड़े रहे।

## नोखा सेन प्रीमियर लीग सीजन-2 का हुआ उद्घाटन



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा विधानसभा क्षेत्र के रोडा गांव स्थित एसडी क्रिकेट स्टेडियम में नोखा सेन प्रीमियर लीग सीजन-2 का उद्घाटन किया गया। पूर्व राज्यमंत्री महेंद्र गहलोत ने मुख्य अतिथि के तौर पर फीता काटकर और विधिवत रूप से इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

**खेल को टीम भावना विकसित करने का माध्यम बताया**-इस अवसर पर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और युवाओं को संबोधित करते हुए महेंद्र गहलोत ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं बल्कि युवाओं में अनुशासन, समर्पण, संघर्ष और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से सदैव खेल भावना, अनुशासन और आपसी सम्मान के साथ खेलने का आह्वान किया।

**होनहार खिलाड़ियों को मिलेगा मंच**-गहलोत ने अपने संबोधन में आगे कहा कि ग्रामीण और क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएँ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यही खिलाड़ी भविष्य में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर नोखा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

**सामाजिक बुराईयों से दूर रहने की अपील**-पूर्व राज्यमंत्री ने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और खेल, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर दिया कि खेल ही युवा शक्ति को सही दिशा देकर एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण का आधार बनते हैं। कार्यक्रम के दौरान मैदान में खिलाड़ियों और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, युवा और क्षेत्रवासी उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। आयोजन समिति द्वारा पूर्व राज्यमंत्री महेंद्र गहलोत का साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।

**ये रहे मौजूद**-इस अवसर पर जिला देहात कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष ओम प्रकाश सैन, पूर्व नोखा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मूलाराम मेघवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता केदार महाराज, कांग्रेस नेता चेतन सियाग, पूर्व पार्षद बिरजू भाटी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुंदर लाल सूरपुरा, सुरेंद्र जोशी, मंडल अध्यक्ष राकेश जैन, मंडल अध्यक्ष गोरी शंकर सोलंकी, सैन समाज अध्यक्ष भवानी शंकर गौड़, सीताराम बिश्नोई, हिमांशु सैन, मुकेश गौड़, तरुण गहलोत, मुनालाल गौड़, श्रवण गहलोत, सुभाष गहलोत, क्षौरकार्य समिति अध्यक्ष जगदीश सोलंकी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलगुरु को आए धमकी भरे कॉल

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलगुरु प्रोफेसर अल्पना कटेजा को फोन पर धमकी मिलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यूनिवर्सिटी के एक कर्मचारी के क्रेडिट कार्ड बकाया की वसूली के लिए एजेंटों ने कुलगुरु को कॉल कर दबाव बनाया। मामले में मंगलवार को गांधी नगर थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस के अनुसार यूनिवर्सिटी कर्मचारी धरम गुर्जर ने करीब पांच वर्ष पूर्व एक क्रेडिट कार्ड बनवाया था। बताया जा रहा है कि करीब पांच-छह महीने पहले उन्होंने कार्ड से लगभग 70 हजार रुपए खर्च किए थे लेकिन समय पर भुगतान नहीं कर पाए। इसके बाद पेनल्टी और अन्य चार्ज जुड़ने से बकाया राशि बढ़कर करीब 1.34 लाख रुपए हो गई। शिकायत के मुताबिक वसूली एजेंट लगातार कर्मचारी को कॉल कर भुगतान का दबाव बना रहे थे। कर्मचारी ने राशि किस्तों में चुकाने की बात कही थी। आरोप है कि इसके बाद एजेंटों ने कुलगुरु प्रोफेसर अल्पना कटेजा को भी कॉल करना शुरू कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पेंशन के लिए आवेदन शिविर कल

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के श्रमिक, पथ विक्रेता एवं लोक कलाकार के द्वारा पेंशन के लिए 21 मई को रतननगर नगरपालिका सभागार में आवेदन शिविर आयोजित किया जाएगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदक प्रतिमाह 3 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में लाभार्थी अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र से या जिले के रतननगर नगरपालिका सभागार में 21 मई, 2026 को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग ने श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकार को सबल प्रदान करने के लिए 26 नवम्बर, 2024 को योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए 60 वर्ष की आयु तक अंशदान राशि जमा करवानी होगी। तीन साल की अवधि अथवा 60 वर्ष की आयु से पहले इस योजना से बाहर निकलने वालों को सेविंग बचत खाता के समान ब्याज सहित जमा राशि लौटाई जा सकेगी। अंशदान देने वालों को राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 तीन हजार प्रतिमाह देय होंगे। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो उसके पति या पत्नी को अभिदाता की पेंशन का अधिकतम 50 प्रतिशत, पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा।

**यह दस्तावेज होंगे जरूरी**-उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 41 से 45 वर्ष, राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। इसी के साथ मासिक आय 15 हजार से अधिक ना हो। बैंक में अपने नाम से बैंक बचत खाता, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड तथा केन्द्र सरकार के पोर्टल से प्राप्त रजिस्ट्रेशन संख्या होना आवश्यक है।

कान्स फिल्म फेस्टिवल में रुचि ने उठाई घूंघट प्रथा के खिलाफ आवाज

## मेरा घूंघट चुप्पी नहीं, विरोध है : रुचि गुज्जर

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** फ्रांस में 12 से 23 मई तक आयोजित हो रहे 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में खेतड़ी उपखंड के मेहाड़ा गांव की बेटी और बॉलीवुड अभिनेत्री रूची गुज्जर ने भाग लेकर क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। रुचि ने इस बार कान्स के प्रतिष्ठित रेड कार्पेट को केवल फैशन तक सीमित नहीं रखा बल्कि महिलाओं की आज़ादी, पहचान और सामाजिक बदलाव की मजबूत आवाज भी बनाया। 18 मई को कान्स फिल्म फेस्टिवल में रुचि गुज्जर राजस्थान की पारंपरिक संस्कृति से प्रेरित गुलाबी घूंघट-लुक में नजर आईं। उनका यह विशेष लुक एक ओर राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, हस्तकला और परंपराओं का प्रतीक बनाए वहीं दूसरी ओर सदियों पुरानी जबरन घूंघट प्रथा के खिलाफ एक साहसी और प्रतीकात्मक संदेश भी देता दिखाई दिया। कान्स में उनकी मौजूदगी सोशल मीडिया, फैशन जगत और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में चर्चा का विषय बन गई। कई लोगों ने इसे हाल के वर्षों में भारत की सबसे निडर और सामाजिक संदेश देने वाली प्रस्तुतियों में शामिल बताया। रुचि गुज्जर ने कान्स में कहा मैंने घूंघट चुप रहने के लिए नहीं पहना, मैंने इसे विरोध के रूप में पहना है।



महिला का सम्मान उसकी बराबरी, आत्मविश्वास और आजादी से होना चाहिए, उसकी पहचान छिपाने से नहीं।

अगर मेरी यह वॉक किसी एक महिला के लिए भी बातचीत की शुरुआत बनती है, तो यह फैशन से कहीं बड़ा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा उनके लिए बेहद व्यक्तिगत है क्योंकि उन्होंने अपने आसपास ऐसी कई महिलाओं की जिंदगी देखी है जो सामाजिक दबाव में घूंघट के पीछे रहने को मजबूर हैं। रुचि ने कहा कि संस्कृति महिलाओं को शक्ति देनी चाहिए उनकी पहचान नहीं छीननी चाहिए। परंपराओं को समय के साथ आगे बढ़ना जरूरी है।

### गांव की बेटी ने विश्व मंच से दिया सामाजिक संदेश

खेतड़ी उपखंड के छोटे से गांव मेहाड़ा से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंची रुचि गुज्जर की इस पहल की तुलना उन वैश्विक सितारों से भी की जा रही है जिन्होंने बड़े मंचों का उपयोग सामाजिक मुद्दों को उठाने के लिए किया। रुचि गुज्जर ने सरकार और समाज से अपील करते हुए कहा कि गांवों और छोटे शहरों में महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और स्वतंत्रता को लेकर अधिक जागरूकता फैलाने की जरूरत है। साथ ही परंपरा और मजबूरी के बीच का फर्क समझना भी बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी रुचि गुज्जर कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर वाला विशेष नेकलेस पहनकर अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में रही थी लेकिन इस बार उनका संदेश सामाजिक सरोकारों से जुड़ा और ज्यादा प्रभावशाली माना जा रहा है।

## मोबाइल चोरी के विवाद में चले लाठी-चाकू, तीन घायल

श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे के रीको औद्योगिक क्षेत्र में देर रात मोबाइल चोरी को लेकर हुए विवाद को लेकर मजदूर वर्ग के दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई, जिसमें चाकू और डंडों से हमला कर दिया गया। घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए रींगस के उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस संबंध में पीड़ित आदेश कुमार ने रींगस थाने में रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उनका मोबाइल फोन गायब हो गया था। उन्होंने इस संबंध में पड़ोस में रहने वालों से पूछताछ की तो सत्येन्द्र सिंह सहित करीब नौ युवकों ने उन पर हमला बोल दिया।

**आपसी विवाद के चलते हुए हमले में घायल युवक**-युवक का आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ चाकू और डंडों से मारपीट की। जिससे आदेश, सचिन और राहुल घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190